हरिभूमि

संस्कारधानी भूमि

रायपुर, रविवार 25 मई 2025

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

नौतपा से पहले प्री-मानसून एक्टिव, जिले में दो इंच बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश के दक्षिणी इलाके केरल में मानसून ने अपनी दस्तक दे दी है। इस बार करीब आठ दिन पहले ही मानसून पहुंच गया है। ऐसे में यह संभावना जताई जा रही है कि अंचल में भी 15 से 17 जून की जगह 6 से 8 जून के मध्य मानसून दस्तक दे सकता है। इस बार मानसून के सामान्य रहने के आसार जताए गए हैं। जिसके चलते अंचल में एक हजार मिमी से अधिक बारिश पूरे मानसून सीजन में देखने को मिल सकती है।

इधर मानसून आने से पहले प्री-मानसून की बारिश ने जिले में मौसम का हाल ठंडक भरा कर दिया है। आज से नौतपा शुरू होने जा रहा है। नौतपा के दौरान तापमान अपने चरम पर रहता है, लेकिन इस बार प्री-मानसून के चलते तापमान के 40 से नीचे ही बने रहने की आशंका जताई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि आमतौर पर मौसम विभाग एक जून से 30 सितंबर के मध्य होने वाली बारिश को ही मानसून की बारिश मानता है। इस बार भी मानसून का सीजन एक जून से ही शुरू होगा, लेकिन इससे पहले ही अंचल में जमकर बारिश देखने को मिल रही है। पिछले एक सप्ताह के दौरान ही जिले में चार इंच से अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है। लगातार हो रही बारिश के बाद तापमान भी 42 डिग्री से लुढ़ककर 35 के करीब आ गया है। दिनभर चलने वाली गर्म हवाओं की जगह ठंडी हवाएं चल रही है। हालांकि बारिश रूकने पर थोड़ी उमस जरूर महसूस हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ में प्री-मानसून की एंट्री हो गई है। प्रदेश के अलग-अलग इलाकों के लिए अगले 7 दिनों तक बारिश का येलो अलर्ट है।

दो जून तक नौतपा

ज्ञात हो कि हर साल 25 मई से दो जून के मध्य नौतपा का समय होता है। इस दरमियान सर्वाधिक तापमान देखने को मिलता है। अंचल ही नहीं, बल्कि देश में 25 मई से 2 जून के दौरान भयंकर गर्मी पड़ती है। कई राज्यों में तापमान 48C तक जाने की संभावना भी है, लेकिन अंचल में इस बार नौतपा के दौरान अधिक गर्मी रहने की संभावनाएं कम है। प्री-मानसून बारिश के चलते नौतपा का अधिकांश समय ठंडा ही गुजरने वाला है।

ऐसी स्थिति

दक्षिण पश्चिम मानसून 1 जून सामान्य तिथि के बजाय 24 मई को स्थापित हो गया। दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियों बनी हुई है। अगले दो से तीन दिनों में कुछ और भागों में पहुंचने की संभावना है।

आज भी बारिश के आसार :एक द्रोणिका पश्चिमी राजस्थान में स्थित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से विदर्भ तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर तटीय उड़ीसा और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 25 मई को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थान पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने और अंधड़ चलने की संभावना है। उत्तर छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर जबकि दक्षिण छत्तीसगढ़ में अनेक स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है।

बेमौसम बारिश से मंडी में भीगा किसान का धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शनिवार सुबह से हुई बारिश में कृषि उपज मंडी मे खुले आसमान के नीचे रखा किसानों और व्यापारियों का सैकड़ों क्विंटल धान भीग गया। अपने धान की उपज लेकर मंडी पहुंचे किसानों को पहली ही बारिश में काफी नुकसान हुआ है। वहीं कुछ व्यापारियों द्वारा खरीदा गया धान भी भीग गया है।शहर के बसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी में इन दिनों धान की बंपर आवक हो रही है। राजनांदगांव जिले के अलावा आसपास जिलों से भी किसान यहां धान बेचने पहुंचते हैं। जिसके चलते मंडी में टीन शैड के नीचे धान रखने जगह नहीं होने के चलते बड़े पैमाने पर शैड से बाहर सैकड़ों क्विंटल धान रखा हुआ है। आज सुबह हुई बारिश में खुले में रखा सभी धान भीग गया।

नहीं बिका भीगा धान

कृषि उपज मंडी में किसानों द्वारा बेचने लाए गए धान के अलावा व्यापारियों द्वारा खरीदा गया धान भी भीग गया। मंडी में कई जगह पानी भरने से धान की बोरियां आधे हिस्से तक डूब गई। सुबह मंडी खुली तो किसानों के भीगे हुए धान की नीलामी नहीं हो पाई।

सुरक्षा व्यवस्था नहीं

जिलेभर में राजनांदगांव मंडी में ही धान खरीदी होती है। वहीं दुर्ग और बालोद जिले के आसपास से भी किसान यहां धान बेचने आते हैं। किसानों से यहां मंडी शुल्क लिया जाता है, लेकिन उनकी धान की उपज को सुरक्षित रखने के लिए मंडी प्रशासन द्वारा व्यवस्था नहीं की जाती है। जिसकी वजह से आज सुबह बारिश होने पर बड़े पैमाने पर धान भी गया।

लोकार्पण आज

राजनांदगांव। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव की छुईखदान में बैंक शाखा जो गर्ल्स स्कूल के सामने संचालित हो रही थी, वह जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल के अथक प्रयास से जिला प्रशासन द्वारा प्रदत्त पुराने न्यायालय भवन छुईखदान में शहीद पार्क के सामने स्टेट बैंक के बाजू में संचालित किया जाएगा। नवीन शाखा परिसर में बैंक भवन का लोकार्पण सांसद संतोष पांडे के कर कमलों से कल 25 मई को दोपहर 2 बजे किया जाएगा।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार एवं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह व सभी जिला पंचायत सदस्य तथा जनपद पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष व सभी जनपद पंचायत सदस्य एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष व सदस्यगण उपस्थित रहेंगे।

समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
दंत रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
डॉ. दीपिका जैन
बी.डी.एस., एम.डी.एस. (आयोडॉटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन) एफ.सी.सी.डी. (मुंबई)
पेडिट्रिक उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल/सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
लेजर/दांत के रंग की फिलिंग
क्लीयर अलाईनर
दांत निकालना
अक्ल दाढ़ निकालना
फ्रैक्चर जबड़े का ईलाज
मुंह कम खुलने का उपचार
इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
सभी प्रकार के मुंह के कैंसर एवं छाले का उपचार
बत्तीसी (फिक्सड/निकालने एवं लगाने वाली)
पायरिया, दांतों की सफाई एवं मसूड़ों की सर्जरी
डिजिटल एक्स-रे
डेंटल लेज़र, डेंटल इम्प्लांट
एडवांस्ड डेंटल ऑपरेशन थिएटर
फेशियल ट्रामा केयर
अपॉईंटमेंट : 07744-356654, 94255-29769
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
एक्सीडेंट
जहर का सेवन
लीवर फेलयर
किडनी फेलयर
हार्ट अटैक
ब्रेन हेमरेज
पीलिया • लकवा
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
बच्चेदानी का ऑपरेशन
बांझपन का ईलाज
मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

अपने घर लेकर जाए अपना मन पसंद जॉन डियर ट्रेक्टर
जिंदगी का बेस्ट डिसिजन!
JOHN DEERE
दो कदम आगे
PowerTech 5310 57HP 42.7kW GearPro
TremIV
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
जॉनसन ग्रेसर एवं नीरज सीड ड्रिल उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर बाजू में, राजनांदगांव 98279 53976 अंबागढ़ चौकी 8103024569 चिचोला गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601

आइये अपने पड़ोस के स्टोर में
शुभम के मार्ट™
शॉपिंग करो खुलके, पैसे बचाओ जमके !
OFFERS KI BARISH
चलो स्कूल चले DISCOUNT UPTO 50% OFF
किराना कम दाम में DISCOUNT MINIMUM 9% OFF AUR USSE ADHIK
PREMIUM QUALITY PREMIUM
फ़ैशन फुटवियर DISCOUNT UPTO 75% OFF
प्लास्टिक हैंडलूम DISCOUNT UPTO 75% OFF
Terms & Conditions apply :
राजनांदगांव, सुमीत मंडी गेट- 9109155687
खैरागढ़, अटल उद्यान के पास, मेन रोड - 91091 99250
नियम एवं शर्तें लागू: सभी ऑफर सूचना के बिना बदलाव के अधीन हैं | ऑफर स्टॉक रहने तक | दिखाये गए उत्पादों के ग्राफिक्स केवल सांकेतिक मात्र हैं | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं | सभी मदभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं | सभी क्रेडिट, डेबिट एवं यूपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं |
कस्टमर केयर हेल्पलाइन नंबर : 91091 99110 | FOLLOW US ON: shubhamkmartoficl Shubham K Mart @shubhamkmart2926


शहीद अलानूर भींडसरा
लहू हमने सारा
जमीं को पिला दिया
हम पर वतन का था कर्ज
हमने चुका दिया
शहीद
उदय मुदलियार जी
की आज 12वीं
पुण्यतिथि
पर शत् शत् नमन
अंजुम अल्वी
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
समस्त कांग्रेसजन, राजनांदगांव

खबर संक्षेप

सड़कों के नामकरण का प्रस्ताव

डोंगरगांव। नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता ने शहर की विभिन्न प्रमुख सड़कों के नामकरण का प्रस्ताव रखा है। जानकारी के अनुसार उन्होंने नगर पंचायत के सीएमओ का इस आशय का पत्र प्रेषित कर इस विषय को परिषद की बैठक में रखने का आग्रह किया है। उन्होंने पुराना थाना मार्ग का नाम संत रविदास मार्ग, कॉलेज रोड़ का माँ शक्ति पथ मार्ग, मटिया रोड़ का भक्त माता कर्मा मार्ग, करियाटोला का बुढादेव मार्ग, सेवताटोला जामसरार रोड़ का गुरु घासीदास मार्ग, सदर लाईन का आचार्य विद्या सागर मार्ग करने का प्रस्ताव रखा है।

राशन वितरण में गड़बड़ी

डोंगरगढ़। राशन दुकान के आबंटन एवं हितग्राहियों को दिए जा रहे अनाज में गडबढी के मामले लगातार सामने आने के बाद भी कार्यवाही नही हो रही है । राशन दुकानों में हो रही गड़बड़ी का खुलासा आडिट में हो चुका है। वार्ड 22 के नागरिकों ने अनुविभागीय अधिकारी से दुकान संचालक समिति उमा महागौरी महिला बहुउद्देषीय सहकारी की शिकायत किया है। शिकायत में बताया गया है कि हितग्राहीयों के चावल को समिति में रखकर बदले में नगद दिया जा रहा है। दुकान में अनाज के स्टॉक में भी कमी होना बताया जा रहा है। दुकान में स्कंद पंजी, आवक जावक का लेखा नही रखा जा रहा है।

बम्लेश्वरी ट्रस्ट की बैठक 29 को

डोंगरगढ़। मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति की सधारण बैठक आगामी 29 मई को शाम 4 बजे छिरपानी केन्टीन हॉल में रखा गया है। ट्रस्ट समिति के महेन्द्र परिहार ने बताया कि उक्त बैठक ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल की उपस्थिति में होगी। बैठक में ट्रस्ट मंडल के 2023-24 की जानकारी एवं 2025-26 का अनुमानित बजट प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बैठक में संरक्षण श्रेणी, अजीवन श्रेणी, साधारण श्रेणी के सभी सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की है।

पालिका अध्यक्ष ने जताया सांसद का आभार

डोंगरगढ़। दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखकर सांसद संतोष पांडे द्वारा किये गए प्रयास और विकास की स्वीकृति, ट्रेनो के स्टापेज के लिए पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने जनता की ओर से धन्यवाद देते हुए अभार व्यक्त किया है। अमृत स्टेशन के वर्चुअल उदघाटन में पहुंचे सांसद संतोष पांडे से जनता की मांग के अनुरूप डोंगरगढ़ से रायपुर की ओर जानेवाली पेसेंजर ट्रेन के अलावा 3 से 4 बजे की बीच डोंगरगढ़ से गोदिया की ओर पेसेंजर को पुनः चालू करने की मांग की है। सांसद ने रेल्वे प्रशासन और रेल मंत्री से चर्चा कर प्रथमिकता के आधार पर मांग को पूरा कराने का आश्वासन दिया है।

बिजली कटौती से ग्रामीण बेहाल

पटेवा। पटेवा सहित क्षेत्र के लोग इन दिनों अघोषित बिजली कटौती एवं लो-वोल्टेज की समस्या परेशान हैं। बिजली का बार बार गुल होना एक आम बात हो गई है। लो वोल्टेज के कारण पंखा कूलर बंद हो गए हैं जिससे लोग गर्मी से हलाकान हो रहे हैं। पटेवा में सब स्टेशन बनने से जनता को उम्मीद थी कि अब बिजली की समस्या से निजात मिलेगी किन्तु सबस्टेशन बनने के बाद विपरीत स्थिति देखने मिल रही है। आए दिन बिजली का गुल होना, घंटों तक बंद रहना आम बात है। बिजली कटौती के कारण इलेक्ट्रॉनिक दुकान दारो का धंधा चौपट हो गया है । किसान की फसल भी सिंचाई के अभाव में खराब हो रही है। ग्रामीणों ने बिजली कटौती एवं लो-वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

स्ट्रीट लाईट लगने से ग्रामीण खुश

सड़क अतरिया। ग्राम पंचायत बुंदेली के सरपंच दिवाकर सोनी एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने आश्रित ग्राम लोधी नवागांव की गलियों को सौर ऊर्जा चलित स्ट्रीट लाईट से रौशन किया। ग्रामीण लंबे समय से स्ट्रीट लाईट लगाने की मांग कर रहे थे। पहले रात होते ही गांव में अंधेरा छा जाता था जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी होती थी। प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए पंचायत फंड से गलियों को रौशन किया। लाईट लगने से ग्रामीण काफी प्रसन्न हैं। ग्रामीणों ने सरपंच दिवाकर सोनी, उपसरपंच अनिता पाल, पंच मधु पाल, संगीता ठाकुर, चंदा चेलक, भागबती जंघेल, मालती जंघेल, गुलापा नेताम, ईश्वर जंघेल,भानु सोनी, अजय रजक, सोमनाथ ठाकुर, संतोषी जंघेल, ललिता रजक, दीक्षित कौशल, उदाता धुर्वे, टिकेश्वरी चंदेल, सचिव भागवत दास का आभार जताया है।

जन्म शताब्दी पर स्वच्छता अभियान

सड़क अतरिया। लोक माता रानी अहिल्याबाई होल्कर के जन्म शताब्दी के अवसर पर भाजपा शक्ति केंद्र घिरघोली के श्री सिद्ध बाबा मंदिर प्रांगण में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने मंदिर प्रांगण की सफाई किया। राजमाता अहिल्या बाई की चित्र पर पुष्पा अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने बताया कि राजमाता अहिल्या बाई एक ऐसी महिला थी जिन्होंने 300 वर्ष पूर्व सोमनाथ मंदिर, कांशी का विश्वनाथ मंदिर, केदारनाथ मंदिर, रामेश्वर मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। गांव गांव में तलाब, कुआ एवं लोगो के लिए आश्रय रहवासी बनाया। कार्यक्रम में रोहित जंघेल, तुकाराम जंघेल, युवराज ठाकुर, नरेश जंघेल, संतोष जंघेल, ठाकुरराम साहू, आत्मा जंघेल, रमेश खरे, तोरण जंघेल, पंचराम, गजानन साहू, दुधेराम गोड़, अमलेश सिन्हा, बलराम जंघेल, बिसौहाराम, बीरेंद्र धुर्वे, अर्जुन यादव मौजूद थे।

शिविर में अधिकारियों ने किया आवभगत

तुमड़ीबोड़। जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू ने सुशासन तिहार को समय की बर्बादी करार देते हुए कहा है कि लोगों की समस्याओं का जैसे निराकरण होना चाहिए वैसे नहीं हो रहा है। शिविर में जिला स्तर के अधिकारी शामिल नहीं हो रहे हैं वही जनपद पंचायत स्तर के अधिकारी भाजपा नेताओं की आवभगत करने में समय बिता रहे है। जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन त्यौहार सिर्फ कागजों में सफल हो रहा है। तुमडीबोड़ में आयोजित समाधान शिविर में जिला स्तर के अधिकारी नदारत रहे। स्थानीय अधिकारी शामिल भी हुए तो वह कागजी खानापूर्ति करने में लगे रहे। शिविर में सभी आवेदन के निराकरण का दावा किया गया जबकि 10 प्रतिशत का भी निराकरण नहीं हुआ है। अधिकांश आवेदन को फॉरवर्ड कर निराकृत होना बता दिया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में रुकी पेंशन के लिए राम्हीन बाई निषाद आवेदन लेकर करने पहुंची थी जिसका निराकरण नहीं हुआ।

संविधान बचाओ रैली में गरजे पूर्व सीएम, लड्डुओं से तौला गया

कांग्रेस ने दिया जनता को हक, भाजपा छीन रही

सभा में दो घंटे तक डटे रहे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर गंडई में कांग्रेस ने शनिवार को संविधान बचाओ रैली और जन आक्रोश सभा का आयोजन किया। कांग्रेस के इस आयोजन को जनता का जबरदस्त प्रतिसाद मिला। लगभग दो घंटे तक चले इस कार्यक्रम में लोग डटे रहे और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के संबोधन को उत्साहपूर्वक सुना।

शनिवार को दोपहर लगभग 1 बजे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का गंडई आगमन हुआ। उनका जोरदार नारों और जयकारे के साथ स्वागत किया गया। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें लड्डुओं से तौलकर सम्मान प्रकट किया। तिरंगा चौक से आक्रोश रैली का आगाज़ हुआ, जो मां गंगई मंदिर से होते हुए कार्यक्रम स्थल रावण भांठा पहुंची। इस दौरान हाथों में कांग्रेस का झंडा थामे कार्यकर्ता और नेता संविधान बचाने के नारे लगाते हुए चल रहे थे।

नेताओं ने साधा भाजपा पर निशाना

सभा को संबोधित करने वाले दर्जनों नेताओं ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। गंडई नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने कहा कि संविधान नहीं भैया, भारत बचाओ। उन्होंने बताया कि गंडई में संविधान बचाओ अभियान का आगाज हुआ है, जिस संविधान को बाबा भीमराव अंबेडकर ने सभी के लिए बनाया था, उसे बदला जा रहा है जिसके विरोध में कांग्रेस मैदान में उतरी है। जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने कहा कि पूरे देश में संविधान बचाओ अभियान चल रहा है। देश के नागरिक की समानता के लिए संविधान बनाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि जब से प्रदेश में भाजपा सरकार बनी है, तब से अराजकता फैली है। भाजपा के खिलाफ जब भी किसी ने आवाज उठाया तब उसे दबाया गया है।

गरजे पूर्व मुख्यमंत्री बघेल

जन आक्रोश सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भारत का संविधान हर व्यक्ति के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए बनाया गया था, लेकिन भाजपा इसे बदलने की कोशिश कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आम जनता की लड़ाई लड़ी है और भाजपा संविधान को बदलकर लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन कर रही है। उन्होंने अंग्रेजों के शासन का जिक्र करते हुए कहा अंग्रेजों को घुटने टिकाने का काम कांग्रेस ने किया है, तो क्या हम इनसे डरेंगे ? श्री बघेल ने आगे कहा कि जब-जब कांग्रेस पार्टी को अवसर मिला है, तब उसने आम जनता के हक में फैसला लिया है। उन्होंने संविधान के महत्व को बताते हुए कहा कि जब संविधान लागू हुआ तब महिलाओं को संपत्ति रखने का अधिकार नहीं था, समानता का अधिकार नहीं था। संविधान से ही महिलाओं को संपत्ति, शिक्षा और समानता का अधिकार मिला।

विकास हुआ बाधित

विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार बनी है, तब से संविधान बदलते हुए उसे खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग विकास की बात नहीं कर रहे हैं, सिर्फ सुशासन तिहार और समाधान शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाधान के नाम पर लोगों के आवेदनों को रद्दी की टोकरी में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में जब भूपेश बघेल सवाल करते हैं तो मंत्री जवाब नहीं दे पाते और बदला वे ईडी के माध्यम से लेते हैं। जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान ने संविधान बचाओ अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि हर वर्ग के हित के लिए संविधान बनाया गया था, जिसे खत्म करने की साजिश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान रहेगा तो सब सुरक्षित रहेंगे। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने भीमराव अंबेडकर, बाबा घासीदास, गंगई माता की जयकारे लगाते हुए कहा कि बाबा अंबेडकर ने संविधान का निर्माण किया था ताकि देश में लोकतंत्र हो, किन्तु आज भाजपा तंत्र चल रहा है। सभा को मिहिर झा, विजय वर्मा, कोमल साहू, मोतीलाल जंघेल, भिज्ञेश यादव ने भी संबोधित किया।

पंचायतों में बढ़ा महिलाओं का दबदबा

श्री बघेल ने बताया कि पंचायती राज में महिलाओं को हर प्रकार का अधिकार दिया गया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि किसी पंचायत में 20 पंच हैं तो उसमें 12 महिला पंच हैं। ग्राम पंचायत, जनपद, जिला पंचायत हर जगह 66 प्रतिशत महिलाओं को अधिकार मिला है। कांग्रेस ने ही महिलाओं को अधिकार दिलाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा संविधान बदलकर सभी के अधिकारों का वंचित करना चाहती है।

नेताओं की रही मौजूदगी

इस दौरान गिरवर जंघेल, गुलाब चोपड़ा, अय्यूब कुरैशी, ममता पाल, दिलीप ओगरे, मोहसिन खान, सोनल ताम्रकर, इशरत अंजुम, रूखमणी देवांगन, शताक्षी सिंह, आरती महोबिया, नम्रता गिरिराज वैष्णव, भीखम छाजेड़, रामकुमार पटेल, गिरिराज किशोर, नीलाम्बर वर्मा, रोहित पुलस्त्य, राजेश पाल, अमित टंडन, अमन सोनी, तामेश्वर साहू, बांके वर्मा, दामोदर जायसवाल, रंजीत चंदेल, क्रांति ताम्रकर, अशोक जंघेल, मंजू नेताम, असरफ सिद्दकी, हरि सेन सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

डोंगरगढ़ विकास मंच ने सांसद को ज्ञापन सौंप लगाई गुहार

- एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टापेज की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पुनर्निर्मित रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के अवसर पर डोंगरगढ़ विकास मंच के कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष गोपाल खेमुका के नेतृत्व में सांसद संतोष पांडे से मुलाकात कर बंद पैसेंजर ट्रेनों को पुनः प्रारंभ करने ज्ञापन सौंपा। उन्होंने विभिन्न मेल एक्सप्रेस ट्रेने जो डोंगरगढ़ में नहीं रुकती और मेले के दौरान अस्थाई स्टापेज दिया जाता रहा है ऐसी 10 जोड़ी ट्रेनों का डोंगरगढ़ में स्टॉपेज देने की मांग रखी है।

विकास मंच के सचिव केके वर्मा ने सांसद पांडेय को ज्ञापन के साथ अतिरिक्त दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए बताया कि मेले के दौरान अस्थाई स्टॉपेज देने का निर्णय दो-चार दिन पहले लिया जाता है जिससे यात्रियों को जानकारी नहीं होती जबकि आने वाले यात्री अपना रिजर्वेशन महीनों पहले करा लेते हैं। ट्रेन का ठहराव भी एक मिनट के लिए होता है जिससे यात्री लाभान्वित नहीं होते। इन ट्रेनों का स्टापेज स्थाई तौर पर कर दिया जाता है तो यहां आने वाले यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी होगी तथा रेलवे की आय बढेगी।

ज्ञापन में बताया यात्रियों की परेशानियां

ज्ञापन में जूनागढ़ रायपुर पैसेंजर का डोंगरगढ़ तक विस्तार करने की मांग रखी गई। यह ट्रेन तीन दिनों तक दुर्ग में खड़ी रहती है तथा खाली रैक रायपुर जाकर फिर वहां से प्रारंभ होती है। डोंगरगढ़ तक बढ़ाने से उड़ीसा क्षेत्र के यात्रियों का सीधा संपर्क डोंगरगढ़ हो जाएगा और कोरबा औद्योगिक क्षेत्र के लिए डोंगरगढ़ से सीधी ट्रेन उपलब्ध हो जाएगी। इसी प्रकार संतरागाछी नांदेड़ एक्सप्रेस स्टॉपेज की मांग भी रखी गई। इसके अलावा शालीमार से ओखा व बिलासपुर से ओखा चलने वाली ट्रेन के स्टापेज होने से द्वारका तीर्थ से सीधा संपर्क डोंगरगढ़ वासियों का हो जाएगा। बंद मेमो ट्रेन को जल्द चालू करने के साथ डोंगरगढ़ से इतवारी के लिए दोपहर में अतिरिक्त मेमू ट्रेन की मांग की गई है। सांसद ने डोंगरगढ़ विकास मंच की मांग का समर्थन करते हुए जल्द ही इस दिशा में सार्थक पहल करने की बात कही है। विकास मंच के अध्यक्ष गोपाल खेमुका ने बताया कि समय रहते पैसेंजर ट्रेनों को पुन प्रारंभ नहीं किया गया तो नागरिकों को आंदोलन का सहारा लेना पड़ेगा।

मानस एवं संगीत कार्यशाला 26 से

अर्जुनी। श्री रामचरित मानस के प्रचार एवं हिन्दू सनातन धर्म संस्कृति के उद्देश्य को लेकर तीन दिवसीय श्री रामचरित मानस व्याख्यान शैली एवं गायन शैली का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। कार्यशाला के संबंध मे प्रवचनकार अचल कुमार वैष्णव ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण अर्जुनी में 26 से 28 मई तक रखा गया है। आगामी 26 मई को 3 बजे से कार्यशाला का शुभारंभ एवं पंजीयन होगा। दूसरे दिन मानस व्याख्याकारों द्वारा मानस व्याख्यान की शैली पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। अंतिम दिन संगीत विशेषज्ञ संगीत, गायन, वादन की जानकारी देंगे।प्रशिक्षक संगीता निषाद, रोहित देशमुख, लल्लूराम वर्मा, गुमान साहू, चिंताहरण पटेल, संगीत कार्यशाला के प्रशिक्षक डॉ आलोक भट्टाचार्य, रामचन्द्र सरपे, राकेश सिन्हा एवं वासुदेव साहू होंगे। समापन अवसर पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया है,जिसमें कवि वीरेन्द्र तिवारी, प्रीतम कोठारी, ग्वाला प्रसाद यादव द्वारा कविता पाठ किया जाएगा।

बैताल रानी मंदिर को मिलेगा पर्यटन का रूप

- कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

आस्था का प्रतीक माता बैताल रानी मंदिर के पर्यटन स्थल के रूप में विकास करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंदवाल ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और इसके सुव्यवस्थित विकास की रूपरेखा तय की। कलेक्टर ने मंदिर पहुंचकर माता बैताल रानी के दर्शन किए तथा मंदिर के पुजारी से ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, धार्मिक मान्यता और आस्था से जुड़ी जानकारियाँ प्राप्त की। उन्होंने मंदिर को क्षेत्रीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने पर बल दिया। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने जिला पंचायत के सीईओ प्रेम कुमार पटेल को निर्देश दिए कि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मचान एवं बेंच की व्यवस्था की जाए। मंदिर मार्ग में स्थित पेड़ों को सजावट एवं रंग-रोगन कर सौंदर्यीकरण किया जाए, जिससे पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। उन्होंने कहा कि बैताल रानी मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्थानीय संस्कृति और लोकआस्था का जीवंत प्रतीक भी है।

सुशासन तिहार के अंतिम चरण में समाधान शिविर का आयोजन

शिविर में योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राही

आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर शुक्रवार को उदयपुर में आयोजित किया गया। शिविर में संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष खम्हन ताम्रकार की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्जवलित किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत दनिया, उदान, जोम, सूराडबरी, बुंदेली, मैन्हर, खैरी, कुटेलीखुर्द, कोटरा, आमाघाटकादा, खपरीदरबार, पद्मावतीपुर, उदयपुर, बोरई, कुटेलीकला, साल्हेकला ग्रामीण शामिल हुए।

उक्त अवसर पर संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से शिविर में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने कहा। ग्रामीणों की मांग और समस्याओं का त्वरित समाधान करने कहा ताकि लोगों को कठिनाइयों से राहत मिले। कलेक्टर इन्दजीत सिंह चंद्रवाल ने बतताया कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों में से अधिकांश का निराकरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अधिकतर आवेदन मांग से संबंधित होते हैं, जिनका निराकरण जिला स्तर पर संभव है। कुछ मांगें जिनका निराकरण जिला स्तर पर संभव नहीं है का प्रकरण तैयार कर उच्च कार्यालय को प्रेषित किया जा रहा है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं न केवल दस्तावेजों तक सीमित हैं, बल्कि प्रभावी ढंग से जमीनी स्तर तक पहुँच रही है। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने सुशासन तिहार को जन सरोकारों से जुड़ी एक सराहनीय और नवाचारी पहल बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने अल्प समय में प्रशासन को जनहितकारी दिशा में अग्रसर करते हुए जनता से सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी प्रयास किया है।

हितग्राही हुए लाभांवित

शिविर में विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कृषि विभाग द्वारा 5 कृषकों को अरहर बीज, 5 किसान को पीएम सम्मान निधि से सम्मानित किया गया। 2 हितग्राहियों को महाजाल, 5 को सब्जी मिनी कीट, 4 नोनी सुरक्षा प्रमाण पत्र, शिक्षा विभाग द्वारा 5 स्कूलों को संपर्क किट वितरण किया। शिविर में जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार, जिपं सदस्य ललित चोपडा, जनपद अध्यक्ष पुष्पा वर्मा, उपाध्यक्ष राजु वर्मा, पूरण जंघेल, जयमेन्द्र वर्मा, भावेश कोचर, जनपद सदस्य डोगेंद भेड़िया, सुधीर गोलछा, दुष्यंत वर्मा, नवनीत जैन, प्रकाश जंघेल, दिवाकर सोनी, नेतराम जंघेल, दूजे वर्मा, समारु जंघेल, रेखचंद, लक्की नेताम, मंगल नेताम, ज्ञानसिंह यादव, संदीप महोबिया, नरेश वर्मा, नेहरू राम वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

तुमड़ीबोड़। सुशासन तिहार के अंतिम चरण में समाधान शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत में किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़, बोदेला, कन्हारडबरी, आरगाव, पेंडरवानी, हरदी, नाथूनवागांव, खपरीकला, बांकल, कोपेडीह, दीवानझिटिया एवं मचानपार से प्राप्त मांगों एवं शिकायत के 2604 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में जनपद सीईओ ने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 1742 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनका निराकरण कर दिया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गाँधी, जनपद अध्यक्ष रंजीता पडोती, जिपं सभापति जागृति चुन्नी यदु, जिपं सदस्य महेंद्र यादव, जया साहू, सरिता साहू, पार्वती सुर्यवंशी, सरपंच भुनेश्वरी साहू आदि उपस्थित थे। इस मौके पर 4 किसानो को किसान किताब, 5 हितग्राहियों को जाब कार्ड, 14 को राशन कार्ड, 4 किसानो को कार्ड क्रेडिट, 5 को श्रमिक कार्ड, 5 प्रधानमत्री आवास योजना हितग्राही को चाबी वितरण किया गयाद्ध महिला एवं बाल विकास विभाग ने शिशुओं का अन्न प्राशन्न, गोद भराई, पोषण किट वितरण के साथ स्वच्छता ग्राहियो का को प्लास्टिक प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य हेतु श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भूपेंद्र सोनवानी, आशीष साहू, पितांबर साहू, रविना साहू, सत्यभामा यादव, दिलीप श्रीवास्तव, निर्मला बादे, शारदा बादे, कन्हैया लहरे, गीता साहू, जयराम साहू, नूतन साहू, जया साहू, बासन बाई साहू, नीलकंठ साहू, राजेश्वरी साहू, पुष्पा साहू, मीना साहू, धरमदास ठाकुर आदि मौजूद थे।

खबर संक्षेप

पेंशनर संघ ने की शिकायत

डोंगरगढ़। स्थानीय जनपद पंचायत के अधिकारी के खिलाफ भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ रायपुर की जिला इकाई ने शिकायत की है। पेंशनर महासंघ के जिला अध्यक्ष ईश्वरचंद्र श्रीवास्तव ने अपनी शिकायत में बताया कि जनपद पंचायत द्वारा वित्तीय अधिकार का उपयोग स्वतः किया जा रहा है जबकि शासन के निर्देशानुसार अधिकारी प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं। चेक में एकल हस्ताक्षर किया जा रहा है जो नियम विरुद्ध है। नियमानुसार डबल हस्ताक्षर होना चाहिए। चेक में मुख्य कार्यपालन एवं सहायक लेखा अधिकारी के हस्ताक्षर होना चाहिए। उन्होंने वित्तीय अनियमितता पर रोक लगाते हुए नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। बताया कि छत्तीसगढ़ कोष एवं लेखा अधिनियम अंतर्गत वित्तीय अधिकार द्वितीय श्रेणी के अधिकारी को ही दिया जाना है अतः वित्तीय अधिकार किसी अन्य द्वितीय श्रेणी के अधिकारी को दिया जाना चाहिए। शिकायत के दौरान उपाध्यक्ष दिलीप कुमार कुर्रे, सचिव दिनेश कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष डॉ. राधेश्याम मौर्य, सह सचिव ओपी रांगडाले सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

बारिश के जल को संरक्षित करने पर जोर

छुरिया। वर्षा जल संरक्षण के लिए ग्राम पंचायत भंडारपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव की उपस्थिति में श्रमदान कर बोरी बधान कार्य किया गया। इस अवसर पर श्रीमती वैष्णव ने कहा कि महिला समूह, ग्रामवासियों द्वारा बोरी बधान के माध्यम से बारिश के पानी को संरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सभी से घरों के आसपास सोख्ता पीट का निर्माण कर बारिश के पानी संचयन करने एवं फलदार वृक्ष लगाने का आव्हान किया। कार्यक्रम में जनपद सभापति उतरा निषाद ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने भी हर घर में सोख्ता गड्ढा निर्माण कराने पर जोर दिया। इस मौके पर रविन्द्र वैष्णव, सीमा चंद्रवंशी, दशरथ चंद्रवंशी, मंगल साहू, प्रदीप पटेल, एसीईओ आशाराम कंवर, सहायक विकास विस्तार अधिकारी हुमेंश भंडारी, दुर्योधन साहू, रामेश्वर चंद्रवंशी, बेदराम चंद्रवंशी, खिलावन चंद्रवंशी, शेखर साहू, गेंदलाल साहू, लिखन निषाद, पुसई चंद्रवंशी, कमलाबाई चंद्रवंशी, यशोदिया साहू, सरिता साहू सहित अन्य मौजूद थे।

29 तक दावा-आपत्ति

राजनांदगांव। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत चाईल्ड हेल्प लाइन हेतु परियोजना समन्वयक के 1 पद, काउंसलर के 1 पद, चाईल्ड हेल्प लाइन सुपरवाईजर के 3 पद एवं केस वर्कर के 3 पद की भर्ती के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन कर आवेदकों से दावा-आपत्ति आमंत्रित किया गया था। प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत पात्र-अपात्र की संख्या परिवर्तित होने के कारण आवेदकों को दावा-आपत्ति का एक अवसर प्रदान किया गया है।

मृत युवक के परिजनों से मांगी रिश्वत, सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल

परिजनों के हिसाब से रिपोर्ट बनाने मांगा पैसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सरकारी अस्पतालों की लचर व्यवस्थाओं और गिरती मानवता पर सवाल खड़ा करती एक शर्मनाक घटना सिविल अस्पताल से सामने आई है। यहां सड़क दुर्घटना में टेमरी निवासी घायल युवक की अस्पताल लाते समय मौत के बाद उसका पोस्टमार्टम कराया जाना था, लेकिन उससे पहले ही एक डॉक्टर के निजी असिस्टेंट ने रिपोर्ट परिजनो के हिसाब से लिखवाने के एवज में पैसा मांगा।

मृतक युवक के परिजनों से एक शख्स द्वारा की गई बातचीत की ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसमें वह पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अल्कोहल सेवन का जिक्र न करने की बात कर दस हजार रुपयों की मांग करता सुनाई दे रहा है। ऑडियो में आवाज जिस व्यक्ति की है, उसकी पहचान अस्पताल में पदस्थ एक डॉक्टर के सहायक गोलू सिन्हा के रूप में हुई है। ऑडियो में गोलू सिन्हा कहता है, अगर सर ने रिपोर्ट में अल्कोहल लिखा तो ना बीमा मिलेगा, ना कोई क्लेम तो इस स्थिति मे दूध भी गिरेगा और दुहनी भी टूट जाएगी। समझ लो। उसने बातचीत के दौरान डॉक्टर का नाम नही लिया, लेकिन यही कहा कि सर से बात हो गई है, पैसा कम होगा तो मै मना लूंगा लेकिन पैसा जल्द देना क्योकि पुलिस वालो को भी शार्टपीएम रिपोर्ट देना पड़ता है। इस दौरान मृतक के परिजन उससे मामले को दो चार हजार रूपयो मे निपटाने की बता कहता है लेकिन आडियो में आवाज आ रहे शख्स का कहना था कि सर ने दस हजार कहा है लेकिन वो उनकी परेशानी समझ रहा है हजार दो हजार रूपए कम दे देना आखिकार मैटर आठ हजार रूपए में सेट हुआ।

सालों से है डॉक्टर का असिस्टेंट

आडियो में गोलू सिंहा स्पष्ट रूप से कह रहा है कि सर से बात हो गई है। जॉच टीम आए, कोर्ट मे बयान देना जाना पड़ता है। सर को बहुत परेशानी होती है। तुम आठ साढ़े आठ हजार दे दो मै सर को समझा दूंगा। पीएम रिपोर्ट मे अल्कोहल सेवन की बात को दबाने जिस हिसाब से डॉक्टर का सहायक खुलेआम रूपयों की डिमांड कर रहा है उससे स्पष्ट पता चलता है कि अब कलयुग मे भगवान की तरह पूजे जाने वाले डॉक्टर पैसा कमाने की लत मे किस कदर मानवता को शर्मसार करने में तुले हुए है। जहां एक ओर सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं जमीनी हकीकत इससे ठीक उलट नजर आती है। इलाज तो दूर, अब शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट तक नकद भुगतान की मोहताज हो चुकी है। यह मामला महज एक रिश्वतखोरी का नहीं, बल्कि उस सोच का उदाहरण है, जिसमें संवेदनाएं मर चुकी हैं और सिस्टम पूरी तरह से भ्रष्टाचार के शिकंजे में कैद हो गया है। सरकारी अस्पतालों में अब इलाज नहीं, सौदेबाजी होती है। इंसानियत मर रही है, और सिस्टम सिर्फ आंकड़े गिन रहा है।

बीमा राशि की बाध्यता, परिजनों की मजबूरी

अक्सर दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजन बीमा या मुआवजे के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर निर्भर होते हैं। यदि रिपोर्ट में अल्कोहल सेवन या लापरवाही का उल्लेख हो तो बीमा कंपनियां क्लेम देने से इंकार कर देती हैं। इसी विकल्पहीनता को संवेदनहीन मनुष्य भुनाने लगे हैं। पूरे मामले पर जिला प्रशासन की ओर से अभी तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं आई है। इस स्थिति मे सवाल यह भी है कि क्या यह कोई पहली घटना है या सालों से चल रही प्रवृत्ति का सिर्फ एक उदाहरण है। अब जरूरत है कि इस तरह की घटनाओं पर महज जांच बिठा देने की औपचारिकता न हो बल्कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए वरना आने वाले समय में इलाज और न्याय दोनों सिर्फ अमीरों के लिए सुरक्षित रह जाएंगा।

लिखित शिकायत पर होगी कार्रवाई

आडियो क्लिप के माध्यम से मुझे भी इसकी जानकारी मिली है। लिखित शिकायत आने पर विभागीय नियम अनुसार कारवाई जरूर की जाएगी। - **डॉ आशीष शर्मा,** सीएचएमओ

रजिस्ट्री की दस नई क्रांतियों पर कार्यशाला का आयोजन

रजिस्ट्री के साथ-साथ अब नामांतरण भी होगा आसान : श्रम मंत्री देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शासन द्वारा रजिस्ट्री की प्रक्रिया में किए गए दस नई क्रांतियों पर कलेक्टोरेट में वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की अध्यक्षता मे एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मंशा शासन व्यवस्था में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित हो इस उद्देश्य को साकार करने उन्होंने डिजिटलीकरण को बढ़ावा दिया है, जिससे समस्त प्रक्रियाएं ऑनलाइन माध्यम से संचालित हों और फर्जीवाड़ा जैसी समस्याओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। उनकी इस दूरदर्शी सोच अनुरूप छग सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रदेश में रजिस्ट्री की 10 क्रांतियां प्रारंभ की हैं, जिससे आमजन विशेषकर दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिकों को सीधे लाभ मिलेगा और पूर्व में रजिस्ट्री और नामांतरण से जुड़ी जो समस्याएं नागरिकों को झेलनी पड़ती थीं उन्हें दूर करने की दिशा में यह क्रांतिकारी कदम साबित होगा। जमीन से संबंधित काम के लिए अब बार-बार दफ्तरों के चक्कर काटने से आजादी मिल जाएगी।

पंजीयन सेवाओं के लाभ अब सहजता से

कार्यशाला में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने बताया कि 03 मई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा व पंजीयन विभाग के मंत्री ओपी चौधरी जी की उपस्थिति में रजिस्ट्री में 10 क्रांतियां कार्यक्रम अन्तर्गत पंजीयन विभाग की 10 जन उपयोगी पहलों का शुभारंभ किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य पंजीयन संबंधी सेवाओं का अधिक पारदर्शी, सरल, डिजिटल और नागरिकों की सुविधा के अनुरूप बनाना है। आधार आधारित प्रमाणीकरण, ऑनलाईन भारमुक्त प्रमाण-पत्र, व्हाट्सअप सूचना सेवा, घर बैठे रजिस्ट्री और स्वतः नामांतरण जैसी सुविधाओं के माध्यम से आम जनता को पंजीयन सेवाओं का लाभ अब कही अधिक सहजता से प्राप्त हो सकेंगे। इन सुधारों से आम नागरिकों को पंजीयन से जुड़े कामो को लेकर कार्यालयों में बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता नही होगी और साथ ही सम्पत्ति पंजीयन में होने वाले फर्जीवाड़े की घटनाओं पर भी प्रभावी नियंत्रण होगा। इस दौरान जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, एडीएम सुरेंद्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित पंजीयन, राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

कार्यशाला जनहित के लिए अत्यंत लाभकारी

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रशिक्षण और कार्यशाला जनसमुदाय को सशक्त बनाने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाओं से आम लोगों को न केवल जानकारी मिलती है, बल्कि वे नई व्यवस्थाओं और बदलावों को भी समझ पाते हैं। सांसद ने कहा कि कार्यशालाएं केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह परिवर्तन का पहला चरण होती हैं। आज की कार्यशाला जनहित के लिए अत्यंत लाभकारी है। डिजिटलीकरण के लाभों का उल्लेख करते हुए उन्होने कहा कि इससे सरकारी प्रक्रिया तेज और पारदर्शी हुई हैं। इन नवाचारों को जनसामान्य तक पहुंचाने और अधिकतम लोगों को लाभ दिलाने की आवश्यकता है। जिपं अध्यक्ष प्रियंका तामकार, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिपं सदस्य ललित चोपड़ा, भुनेश्वरी देवांगन, दिनेश वर्मा, अरुणा बनाफर, हेमलता मांडवी, जमुना कुर्रे ने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजना सराहनीय है। 10 नई क्रांति अच्छी पहल है। रजिस्ट्री, नामांतरण सहित अन्य समस्याओं का हल निकालने बेहतर प्रयास है। सरलीकरण व सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आए दिन जनप्रतिनिधियों के पास आमलोग पहुंच कर जमीन से संबंधित विवादों की शिकायत करते है लेकिन अब इन सभी समस्याओं से आम नागरिकों को निजात मिलेगा।

पालिका बेपरवाह स्वच्छता मिशन फेल

डोंगरगढ़। धर्मनगरी में सफाई अब बीते जमाने की बात हो गई है। एक समय था जब शहर की पहचान स्वच्छता, अनुशासन और सुंदरता के लिए होती थी। वर्तमान में जगह-जगह कचरे का ढेर नजर आता है। सड़कों पर कूड़े का ढेर और भूखे मवेशी प्लास्टिक खाते नजर आते हैं। यह हालात किसी गांव या झुग्गी बस्ती के नहीं बल्कि उस नगर की है जो धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का केंद्र है।

नगर पालिका में कर्मचारियों की भारी कमी है लेकिन न तो भर्ती हो रही है और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। अफसर सिर्फ बैठकें कर रहे हैं और जिम्मेदारी से भाग रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारियों को सब पता है कि कहाँ कचरा जमा है कहाँ मवेशी मर रहे हैं कहाँ बदबू फैली है, लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। शहर के महत्वपूर्ण स्थानों में कूड़ादान की व्यवस्था नहीं है। सवाल यह है कि कब तक जनता इस गंदगी, उपेक्षा और लापरवाही को सहती रहेगी।

मुक्तिधाम में प्लास्टिक कचरा

कन्या शाला के पास स्थित मुक्तिधाम में कचरे का अंबार लगा है। झिल्ली, प्लास्टिक, बासी खाना खुले में फेंका जा रहा है जिसे मवेशी खा रहे हैं। सभी जगह आग और प्लास्टिक धुआ फैला रहता है। स्थानीय लोग रोज सांस के साथ धुआं की मार झेल रहे है। शहर में आने वाले यात्रियों का स्वागत अब बदबू से होता है। न्यू बस स्टैंड में कचरे के ढेर जमा रहता है। यहां भी कूड़ेदान की व्यवस्था नहीं है। यहां रोज मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। यहीं हाल हाईस्कूल के पास का है। हाई स्कूल का मुख्य द्वार के सामने से गुजरना तक मुश्किल हो गया है। सड़ा कचरा, गंध और टूटा-फूटा सार्वजनिक शौचालय यहां की हकीकत है। लाखों खर्च कर बनाए गए टॉयलेट्स अब बदबू घर में तब्दील हो चुके हैं।

कार्रवाई की जाएगी

सार्वजनिक जगहों पर कोई कचरा फैलाता है तो जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी। कन्या शाला के पास स्थित मुक्तिधाम का स्थल निरीक्षण कर सफाई के लिए तत्काल आदमी लगाया जाएगा। - **सीके शर्मा,** सीएमओ

भोंगापाल में बुद्ध महोत्सव एक को

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ में बस्तर के भोंगापाल राज्य स्तरीय बौद्ध महोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी एक जून को केशकाल विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत भोंगापाल में राज्य स्तरीय बुद्ध महोत्सव का कार्यक्रम पर चर्चा की गई।

भोंगापाल से भगवान बुद्ध की पांचवी छठवीं शताब्दी की प्रतिमाएं प्राप्त हुई है जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि यहां बौद्ध मठ पूर्व में स्थापित होंगे। संरक्षण एवं सुरक्षा एवं बौद्ध संस्कृति को बचाने के लिए विधायक नीलकंठ टेकाम, संभाग आयुक्त महादेव कावरे, अनिल खोबरागड़े की उपस्थिति में बैठक लेकर बुद्ध सम्मलेन में सामाजिक जनों से शामिल होने कहा गया। विधायक नीलकंठ टेकाम ने बताया कि बुद्ध के प्रतिमा के अवशेष 1991 में प्राप्त हो गए थे लेकिन पुरातत्व विभाग व छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल का ध्यान इस ओर नहीं था। 2017 में कलेक्टर के पद पर रहते हुए निरीक्षण कर पाया कि यह भगवान बुद्ध के पांचवी छठवीं शताब्दी के प्रतिमा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय होंगे। पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि छत्तीसगढ़ एक स्थान ऐसा मिला है जहां बुद्ध प्रतिमा के अवशेष प्राप्त हुए हैं जिसे संरक्षित करने की आवश्यकता है। अनिल खोबरागड़े ने भी संबोधित किया। अंत में नलिनी मेश्राम ने आभार व्यक्त किया। संचालन धीरज मेश्राम ने किया। बैठक में शैलेंद्र डोंगरे, रविन्द्र रामटेके, अनिल मेश्राम, सुनील नागदौने, किरण मेश्राम, करुणा डोंगरे, प्रमोद टेम्बुलकर,सुरेश सहारे,एचके आजाद, शुभम खोबरागड़े, दीपक ऊके, चंद्रशेखर बोरकर, गरीबदास गड़पायले, गौतम रामटेके, राजू चिचखेड़े, राधे बोदलकर, अमीन ऊके, रमन शिंदे, विकास खांडेकर, नरेंद्र हुमने, संजय रामटेके सहित अन्य उपस्थित थे।

कूटनीतिक वैश्वीकरण भारत की सुरक्षा के लिए घातक विषय पर परिचर्चा आयोजित

कमजोर लोगों के लिए आगे आना चाहिए

राजनांदगांव। स्वदेशी जागरण मंच ने पुराना विश्राम गृह में एक परिचर्चा कूटनीतिक वैश्वीकरण भारत की सुरक्षा के लिए घातक विषय पर शहर के बुद्धजीवियों एवं प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक राजकुमार शर्मा ने उक्त परिचर्चा को अति महत्वपूर्ण बताते उपस्थितजनों का भारत माता की जय के जयघोष के साथ स्वागत किया। अध्यक्षता करते डॉ. डीसी जैन ने राष्ट्र की सुरक्षा को लेकर इस परिचर्चा को अति महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी मंच राष्ट्रीयता को लेकर सदैव चिंतनशील है। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष मेजर राजेश शर्मा ने कहा कि युद्ध के अनुभव से हमें सीख लेनी चाहिए। विश्व में कई देशों के मध्य युद्ध चल रहा है। हमारे देश ने भी तीन युद्ध लड़ा है। इन युद्धों में हम सक्रिय रूप से शामिल रहे और जिसका विशाल अनुभव हमारे साथ है।

इस अवसर पर अशोक पांडे, गिरीश ठक्कर, कचरू प्रसाद शर्मा, हरजीत सिंह भाटिया, शैलेंद्र तिवारी, मूलचंद भंसाली, आभा श्रीवास्तव, लक्ष्मी तिवारी, राजेश गुप्ता, रमेश कुमार गुप्ता, पंकज सोनी, अनिमेष राय, कांति मौर्य, पंकज गुप्ता, उषा गुप्ता, भारत मांडवी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राकेश इंदु भूषण ठाकुर व आभार प्रदर्शन शैलेन्द्र तिवारी ने किया। उक्त जानकारी जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच राजकुमार शर्मा ने दी।

परिचर्चा को संबोधित करते हुए प्रमुख वक्ता राष्ट्रीय सदस्य अमलेंदु हाजरा ने विषय पर विस्तार से कूटनीति वैश्वीकरण के शब्दों को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि दो देशों के मध्य हुई संधि का यदि कोई देश उल्लंघन करता है तो उसे दंड देने की कोई व्यवस्था संयुक्त राष्ट्र संघ के पास नहीं है, इसलिए प्रधानमंत्री को कहना पड़ा कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। प्रोफेसर केके द्विवेदी ने कहा कि प्रत्येक वह व्यक्ति जो राष्ट्रहित में सामाजिक हितों की रक्षा के लिए सकारात्मक कार्य करता है, वह भी सच्चा सैनिक है। हेमंत तिवारी ने कहा कि विषम परिस्थितियों में समर्थ लोगों को कमजोर, निःशक्त व कमजोर लोगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। डॉ. संजीव जैन ने कहा कि विभिन्न प्रकार के रोग भी एक प्रकार से युद्ध है। पिछले समय हमने कोरोना वायरस के प्रकोप को देखा, मधुमेह पूरे विश्व में अपनी पकड़ बना चुका है। प्रतिदिन लाखों की संख्या में लोगों की मृत्यु हो रही है और आर्थिक रूप से खूब लूटपाट चल रहा है। इस प्रकार के छद्म युद्ध से जनमानस की हानि होती है और खूब आर्थिक लूटपाट होता है। इसके लिए हमें समाज को और सतर्क करना पड़ेगा।

बटालियन भवन बनेगा अब ग्रामीण विकास केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

गेरुखदान में कुछ वर्षों से खाली 21वीं बटालियन सीएएफ कैंप को अब ग्रामीणों की आजीविका और कौशल विकास से जोड़ने की दिशा में प्रयास शुरू हो गए हैं।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल ने शुक्रवार को इस परिसर का निरीक्षण किया और इसके उपयोग की संभावनाओं को लेकर ग्रामीणों और विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि यह स्थल अब रोजगार मूलक गतिविधियों, कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग और युवाओं के व्यावसायिक प्रशिक्षण का केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ स्थानीय युवाओं को क्षेत्र में ही रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ प्रेमकुमार पटेल, आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त देवेंद्र पटले, सहायक संचालक उद्यानिकी रविन्द्र मेहरा सहित अन्य उपस्थित थे।

युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण और रोजगार

श्री चंद्रवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के पढ़े-लिखे युवाओं को माली प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वह शासकीय विभागों में प्राथमिकता के आधार पर रोजगार प्राप्त कर सकें। इसके अलावा आदिवासी विकास विभाग को ड्राइविंग प्रशिक्षण जैसे कौशल विकास कार्यक्रम आरंभ करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि युवा अन्य क्षेत्रों में भी स्वरोजगार या नियुक्ति प्राप्त कर सकें।

मूलभूत सुविधाओं पर भी ध्यान

ग्रामीणों की मांग पर ग्राम बरबाही में कलेक्टर ने आंगनबाड़ी और पुल निर्माण हेतु आदिवासी विकास विभाग को प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए। साथ ही क्षेत्र में व्याप्त पेयजल संकट को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय विभाग को स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही करने कहा। ग्रामीणों ने भी परिसर में प्रस्तावित गतिविधियों की सुरक्षा, संचालन और निगरानी में सक्रिय सहभागिता की प्रतिबद्धता जताई। कलेक्टर ने इस सामूहिक सहयोग को एक मॉडल परियोजना के रूप में आगे बढ़ाने की बात कही।

स्थानीय उत्पादों को मिलेगा बाजार

कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग को निर्देश दिए कि परिसर में कोदो और महुआ जैसे परंपरागत उत्पादों की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जाए।जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले और प्रसंस्करण के माध्यम से नए उत्पाद बाजार में लाए जा सकें। आम के संरक्षण की सुविधा विकसित कर उसे भी उच्च मूल्य पर बेचे जाने की योजना पर बल दिया गया।

सार समाचार

राजनांदगांव से हरिद्वार के लिए सीधे ट्रेन, मिली स्वीकृति

राजनांदगांव। सांसद संतोष पांडे के प्रयास से राजनांदगांव जिले के रेल यात्रियों के लिए एक और खुशखबरी है। सांसद संतोष पांडे के अथक

प्रयास से यात्रियों की सुविधा के लिए अब सीधे हरिद्वार यात्रा के लिए राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से अब ट्रेन की सुविधा उपलब्ध होगी। श्री पांडे ने कहा कि सभी की सुविधा के मद्देनजर वह केंद्रीय रेल मंत्री एवं रेल मंत्रालय से आग्रह किया था। जिसके फलस्वरूप ट्रेन क्रमांक 12807/12808 समता एक्सप्रेस और 12409/12410 गोंडवाना एक्सप्रेस अब राजनांदगांव से सीधे हरिद्वार यात्रा के लिए स्वीकृति मिली है। अब हरिद्वार के लिए डायरेक्ट ट्रेन सुविधा उपलब्ध होने से अब चार धाम की यात्रा हेतु आवागमन सुलभ व सुगम होगा। सांसद पांडे ने कहा कि यात्रियों की सुविधा हमारी प्राथमिकता है। आधुनिक अमृत स्टेशन के निर्माण और महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव से सभी को लाभ मिले, इसके लिए वह निरंतर प्रयासरत है। सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री व रेल मंत्रालय का आभार व्यक्त किया।

एक को एकल अभिनय और नाट्य स्पर्धा

राजनांदगांव। पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम गौरवपथ में आगामी एक जून को एकल अभिनय और नाट्य स्पर्धा का आयोजन राजनांदगांव थियेटर ग्रुप द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव, कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे तथा विशेष अतिथि के रूप में एसपी मोहित गर्ग, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, हरिभूमि के ब्यूरोचीफ सचिन अग्रहरि व दुष्यंत दास शामिल रहेंगे। उक्त जानकारी देते रितेश सिंगाडे ने बताया कि स्पर्धा में कुल 6 टीमें इसमें भाग ले रही है। जिसमें झारखंड, धमतरी, दुर्ग, भिलाई, रायपुर और राजनांदगांव के नाटय संस्स्थाएं हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता में एकल अभिनय अपने निर्धारित समय दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें 6 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। 2 प्रतिभागी राजनांदगांव थियेटर ग्रुप तथा रायपुर से 1 और भिलाई 2 व दुर्ग 1 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। एकल अभिनय स्पर्धा का समय 7 मिनट का होगा। जिसमें ये प्रतिभाएं अपनी प्रतिभा मंच पर दिखाएंगे। नाटय स्पर्धा का समय 4 बजे से होगा। इस प्रतियोगिता का समय 50 मिनट का होगा।

100 बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

मोहला। कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हमर लइका कार्यक्रम सी मैम के अंतर्गत अति गंभीर कुपोषित सैम बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही आवश्यकतानुसार गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र भी रेफर किया गया। इस शिविर में एम्स रायपुर और यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से जिले के मानपुर और मोहला में कुल 100 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर गया। आवश्यक दवाइयां प्रदान की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रशेखर ने जानकारी दी कि हमर स्वस्थ लइका कार्यक्रम के तहत पंजीकृत सैम बच्चों का प्रतिमाह स्वास्थ्य परीक्षण और प्रति सप्ताह सामर्थ्य एप के माध्यम फॉलोअप किया जाता है। इस अवसर पर स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एम्स रायपुर के राज्य सलाहकार जॉन वरुण, बीएमओ सीमा ठाकुर टीम चिकित्सा अधिकारी, जिला पोषण समन्वयक रूपेश चक्रधारी, ब्लॉक समन्वयक, स्टाफ नर्स, फील्ड इन्वेस्टिगेटर, पर्यवेक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संचालन में अधिकारी-कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा। इस प्रकार की पहल कुपोषण से ग्रस्त बच्चों के स्वास्थ्य सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

नवाचारी गतिविधियों पर प्रशिक्षण

राजनांदगांव। सीआरसी ठाकुरटोला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ के सहयोग से 23 मई को सीआरसी ऑडिटोरियम पर सीजोफेनिया दिवस पर दुर्ग संभाग से 38, रायपुर संभाग से 41, बीआरपी समावेशी शिक्षा व विशेष शिक्षक हेतु

नवाचारी गतिविधियों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ निदेशक स्मिता महोबिया, एपीसी केपी विश्वकर्मा व बीआरपी द्वारा दीप प्रजवल्लित कर किया गया। कार्यक्रम में सीआरसी राजनांदगांव के पुनर्वास प्रोफेशनल द्वारा साईन लैंग्वेज इंटरप्रेटर के साथ सिजोफिनिया डिसऑर्डर के बारे में जानकारी देते सीआरसी व सीडीईआईसी में होने वाली सभी थेरेप्यूटिक सर्विस स्पीच थेरेपी, हियरिंग विभाग, मनोविज्ञान विभाग, प्रोस्थेटिक एंड आर्थोटिक्स फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, विशेष शिक्षा, व्यासायिक शिक्षा, विजन थेरेपी में दिए जाने वाले थेरेपी चिकित्सा, दिव्यांगजन को दिए जाने विभिन्न योजनाओं निर्मया योजना, राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के तहत दी जाने वाली सभी योजनाओं व योगा दिवस में जाने की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सभी बीआरपी, विशेष शिक्षक को सीआरसी में होने वाली सभी थेरुप्यूटिक विभाग का निरीक्षण कराया गया। कार्यक्रम में आठ दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण कान की मशीन, टीएलएम किट, स्टिक, कमर नेक बेल्ट का वितरण किया गया।

जीएसटी पर कार्यशाला आयोजित

राजनांदगांव। चेंबर ऑफ कॉमर्स के नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश वेद के प्रयासों से शुक्रवार को पुराना रेस्ट हाउस में जीएसटी की कार्यशाला का आयोजन व्यापारिकहित में किया गया। जिसमें जीएसटी विभाग के पदाधिकारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक एवं व्यापारीगण शामिल थे।

चेम्बर ऑफ कामर्स के पूर्व संरक्षक खूबचंद पारख ने बताया कि आमतौर पर व्यापारियों के मन में जीएसटी के प्रति एक विशेष प्रकार का भ्रम और डर समाया रहता है। जिसके कारण वह इस सरल प्रक्रिया को समझने में असमर्थ होते है, इसलिए जीएसटी विभाग के अधिकारियों के साथ लगातार सतत संपर्क और संवाद करने से व्यापारियों की परेशानियों का आसानी से निराकरण किया जा सकता है। चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा समय-समय पर इस तरह की कार्यशाला आयोजित की जाती रहेगी। बैठक में कई व्यापारियों ने जीएसटी से संबंधित प्रश्न पूछे। जिनके उत्तर जीएसटी अधिकारी कविता ठाकुर ने दिए। व्यापारी इस कार्यशाला से संतुष्ट दिखे। कुछ व्यापारियों ने टैक्स से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ संरक्षक खूबचंद पारख, विनोद डड्ढा, कमलेश बेद, अरूण डुलानी, आशीष अग्रवाल, रितेश लाल, हर्ष चितलांग्या, बलविंदर बग्गा, पुरुषोत्तम गांधी सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित थे।

सिंदूर शौर्य शोभायात्रा व सभा आज

राजनांदगांव। राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच छत्तीसगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैन्य बलों का उत्साहवर्धन स्वागत वंदन एवं आभार व्यक्त करने सहित समाज में देशभक्ति का भाव बढाने राजनांदगांव मातृशक्ति द्वारा विशाल सिंदूर शौर्य शोभायात्रा एवं सभा का आयोजन कल 25 मई को 4 बजे श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर महावीर मंदिर चौक जीई रोड राजनांदगांव से नगर भ्रमण हेतु निकलेगी। मंच के संयोजिका संगीता शुक्ला एवं सह-संयोजिका चन्दना श्रीवास्तव ने सभी राष्ट्रभक्त एवं मातृशक्ति से अपील की है कि विशाल तिरंगा यात्रा में उपस्थित होकर देश के शौर्य सैनिकों का उत्साह बढ़ाएं।

निगम, पुलिस और राजस्व अमले ने एक साथ किया निरीक्षण

अतिक्रमण के खिलाफ एक्शन की तैयारी, दो दिन बाद होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बाजार इलाके के व्यस्तम मार्ग में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए गुरुवार को प्रशासनिक, पुलिस व नगर निगम के अधिकारियों की टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान बाजार क्षेत्र में दुकान का सामान सड़क पर नहीं सजाने एवं सड़क पर दुकान नहीं लगाने की समझाईश दी गई।

शनिवार 24 मई को प्रशासनिक, पुलिस व नगर निगम के अधिकारी एवं टीम ने शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए शहर के बाजार क्षेत्र में निरीक्षण किया।

पार्किंग की करें व्यवस्था

साथ ही सभी दुकानदारों को अपने दुकान में आने वाले ग्राहकों के वाहनों को सफेद पट्टी के अंदर खड़ी कराने समझाईश दिया गया। राजनांदगांव के सभी व्यवसायी से अपील है कि सामान रोड पर बाहर न निकाले एवं दुकानों में आने वाले ग्राहकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था करें। जिससे भविष्य में शहर में हो रहे ट्रैफिक जाम से निजात पाकर यातायात व्यवस्थित किया जा सके। भविष्य में अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों पर विधिवत कार्रवाई किया जाएगा।

अधिकारियों ने प्रमुख मार्ग का किया भ्रमण

कलेक्टर श्री भुरे एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में एडीएम सीएल मारकण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डीएल वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस, जनप्रतिनिधि शरद सिन्हा, यातायात एवं नगर निगम की टीम द्वारा शहर के महावीर चौक, जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक, आजाद चौक, फौव्वारा चौक, गुड़ाखू लाइन, भगत सिंह चौक, गोल बाजार में भ्रमण कर बढ़ते यातायात दबाव को दृष्टिगत रखते यातायात व्यवस्था एवं उचित बाजार व्यवस्थापन के लिए दुकानदारों को अपना दुकान का सामान बाहर नहीं निकालने समझाईश दिया गया।

दिग्विजय कॉलेज में समाधान शिविर 26 को

राजनांदगांव। शासन की पहल पर आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ देने उनसे संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओं का निराकरण करने एक माह से सुशासन तिहार 2025 का प्रदेशभर में आयोजन हो रहा है। सुशासन तिहार के अंतिम चरण में समस्याओं का निराकरण बताने समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम द्वारा भी वार्डों में 5 से 31 मई तक सुबह 9.30 से दोपहर 2 बजे तक समाधान शिविर लगाया जा रहा है।

शिविर के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि समाधान शिविर की कड़ी में 26 मई को वार्ड नं. 37, 38, 39, 40 व 48 के लिए दिग्विजय कॉलेज में सुबह 9.30 से दोपहर 2 बजे तक समाधान शिविर लगाया जाएगा। जिसमें उपरोक्त वार्ड के नागरिक जिनके द्वारा अपनी समस्या संबंधी आवेदन दिए हैं, उनका समाधान बताया जाएगा। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा। उन्होंने उपरोक्त 5 वार्ड के वार्डवासियों से शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान जान, शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

रेल संपत्ति की चोरी का प्रयास, पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत रेसुब पोस्ट राजनांदगांव की टीम ने 23 मई को रेलवे संपत्ति की चोरी का प्रयास विफल करते एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई दीपचंद्र आर्या मंडल सुरक्षा आयुक्त नागपुर के निर्देशन में रेल सुरक्षा बल थाना प्रभारी राजनांदगांव तरुणा साहू के नेतृत्व में उप निरीक्षक मीनू कुमार, उप निरीक्षक के. प्रसाद एवं स्टाफ की तत्परता एवं मुस्तैदी से संभव हो सकी।

मुखबीर की सूचना के आधार पर टीम ने रात्रिकालीन गुप्त निगरानी के दौरान राजनांदगांव पश्चिमी यार्ड किमी नं. 893/21-17 के मध्य चिखली ब्रिज के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को सफेद बोरी में वजनी वस्तु के साथ छिपा हुआ पाया। पूछताछ में उसने अपना नाम निर्मल कुमार साहू 47 वर्ष निवासी स्टेशनपारा वार्ड नं. 11 राजनांदगांव बताया। बोरी की तलाशी लेने पर उसमें रेलवे पथ विभाग में प्रयुक्त 20 नग पेंड्रॉल क्लीप पाए गए। पूछताछ में उसने बताया कि वह रोजी-मजदूरी करता है तथा खुले में पड़ी रेल सामग्री को देखकर लालचवश उसे बेचने की नियत से बोरी में भरकर ले जा रहा था।

घटनास्थल पर पंचनामा तैयार कर गवाहों के समक्ष

संपत्ति जब्त की गई है। आरोपी के पास रेल संपत्ति रखने संबंधी कोई दस्तावेज नहीं होने पर उसके विरुद्ध धारा 3(अ) रेलवे संपत्ति (अवैध कब्जा) अधिनियम 1966 के अंतर्गत अपराध क्रमांक 04/2025 पंजीबद्ध कर आवश्यक विधिक कार्रवाई उपरांत माननीय विशेष रेलवे न्यायालय रायपुर (छग) में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

पूरे प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित मानवाधिकारों एवं गिरफ्तारी के सभी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया गया है। रेसुब पोस्ट राजनांदगांव रेल संपत्ति की सुरक्षा एवं अवैध गतिविधियों पर रोकथाम हेतु निरंतर सजग एवं प्रतिबद्ध है।

छज्जा गिरने से चार कर्मी घायल

- अध्यक्ष ने नए भवन के लिए मांगे 50 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

सेवा सहकारी समिति डोंगरगांव के अस्थायी कार्यालय का छज्जा शनिवार को गिरने से चार कर्मचारी घायल हो गए। हादसे में समिति प्रबंधक तुलसी यादव के सिर, हाथ और पैर में चोंट आई है। जबकि कर्मचारी केशू साहू और नवीन साहू को मामूली चोंटे आई हैं। गंभीर रूप से घायल हरीश साहू को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस समय हादसा हुआ, उस समय कर्मचारी कार्यालय के छज्जे की नीचे खड़े थे। समिति अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने बताया कि पुराना कार्यालय जर्जर हो चुका है। जिसके चलते अस्थाई रूप से कृषि उपज मंडी के एक भवन में समिति का संचालन किया जा रहा है। यह भवन भी

चिंताजनक है शराबखोरी

हादसे से कुछ दिन पहले समिति परिसर में असामाजिक गतिविधियों की खबरें सामने आई थी। करीब एक सप्ताह पहले समिति के चौकीदार नरेंद्र कंवर निवासी जामसरार के साथ शराब पीने से मना करने पर कुछ हमालों ने मारपीट किया था। गंभीर चोंट लगने पर चौकीदार ने थाना में शिकायत किया था, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई की है। लोगों का कहना है कि समिति परिसर शराबखोरी और असामाजिक तत्वों का अड्डा बनते जा रहा है। यहां आए दिन हिंसक घटनाएं हो रही है।

हादसे का केंद्र बन गया है। उन्होंने बताया कि भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को पत्र लिखकर 50 लाख की मांग की गई है। राशि स्वीकृत होने पर नया भवन निर्माण किया जाएगा।

मानदेय बढ़ने से बुजुर्ग लोक कलाकारों में हर्ष की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में छत्तीसगढ़ी लोकरंग शैली नाचा व अन्य लोक रंग कर्म सहित कला संस्कृति से संबंधित बुजुर्ग लोक कलाकारों का शासन द्वारा मानदेय बढ़ाए जाने पर खुशी जाहिर करते कलाकारों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ साहित्य समिति जिला ईकाई के अध्यक्ष आत्माराम कोशा द्वारा इस संबंध में शासन का ध्यान आकर्षित किया जाता रहा है। कांग्रेस शासनकाल में संस्कृति मंत्री व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के समक्ष भी कलाकारों के साथ बात उठाई गई थी, किन्तु बुजुर्ग कलाकारों के मानदेय में वृद्धि नहीं किया गया। इस दौरान विधायक व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को उनके राजनांदगांव आगमन पर तत्संबंधित ज्ञापन सौंपा गया और बुजुर्ग लोक कलाकारों के मानदेय वृद्धि की मांग की गई थी। साथ ही श्री कोशा द्वारा बुजुर्ग लोक कलाकारों के निधन पर उनकी धर्मपत्नी को पात्र मानते उन्हें उक्त मानदेय दिए जाने की भी मांग की गई थी।

प्रदेश में भाजपा सरकार के काबिज होने के पश्चात विधानसभा अध्यक्ष बने डॉ. रमन सिंह को पुनः स्मरण पत्र देकर उनसे बुजुर्ग लोक कलाकारों के मानदेय में वृद्धि की मांग की गई। डॉ. सिंह द्वारा उक्त मांग की अनुशंसा किए जाने और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संज्ञान में आने पश्चात आखिरकार बुजुर्ग एवं वयोवृद्ध लोक कलाकारों की सुन ली गई और प्रदेश के 162 बुजुर्ग लोक कलाकारों के मानदेय में वृद्धि कर उन्हें राहत पहुंचाने का काम किया गया। इससे लोक कलाकारों में हर्ष का माहौल है।

बसंतपुर व साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई

आईटीबीपी जवान पर हमला करने वाला आरोपी महाराष्ट्र में पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस लाइन स्थित आइटीबीपी कैंप में आईटीबीपी के जवान पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने के मामले में जांच पड़ताल करते बसंतपुर एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम ने आरोपी को महाराष्ट्र में पकड़ा। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 मई के पौने 3 बजे के लगभग पुलिस लाइन स्थित आईटीबीपी कैंप में बचाओ-बचाओ की आवाज सुनकर गया तो देखा कि प्रधान आरक्षक किशन कुमार साहू खून से लथपथ जीडी रूम के बाहर खड़ा था, जिसे पूछताछ करने पर बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से इसके गर्दन, हाथ व सिर पर वार कर भाग गया। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 109, 331 बीएनएस का अपराध अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया।

सौ से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर मिला सुराग

इस मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू एवं सायबर प्रभारी विनय परमार के नेतृत्व में अज्ञात आरोपी के जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग टीम तैयार किया गया। गठित टीम द्वारा अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु घटनास्थल एवं आसपास तथा शहर के अलग-अलग चौक-चौराहे में लगे 100 से भी अधिक सीसीटीवी फुटेज को खंगाले जाने पर जानकारी प्राप्त हुआ कि आहत किशन कुमार साहू का साथी ही उसे जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर फरार हो गया है।

रंजिश पर किया हमला

आरोपी की पतासाजी हेतु थाना बसंतपुर पुलिस एवं साइबर टीम को आरोपी प्रतीक जगदल्ले के ग्राम मामुर जिला सतारा (महाराष्ट्र) रवाना किया गया। उपरोक्त गठित टीम द्वारा आरोपी प्रतीक जगदल्ले को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो बताया कि किशन कुमार साहू, जो खाना खाने व मेस कटिंग का पैसा देने के नाम पर हमेशा किसी भी जगह टोका-टोकी करते रहता था। इसी बात को लेकर रंजिशवंश शराब पीने के बाद मारने की नियत से नारियल काटने के धारदार हथियार से आहत किशन साहू पर वारकर घटना कारित करना व उसके बाद मां गंभीर रूप से बीमार है, बोलकर छुट्टी लेकर अपने घर सातारा महाराष्ट्र चले जाना बताया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त नारियल काटने का धारदार हथियार, खून से सने कपड़े जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसे अभिरक्षा में न्यायालय पेश किया गया, जहां आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

26 मई को पर्व को लेकर तैयारी

पति की दीर्घायु के लिए महिलाएं रखेंगी व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

व्रत त्यौहारों की श्रृंखला में 26 मई को वट सावित्री व्रत पर्व है। इस दिन सौभाग्यवती महिलाएं पति की दीर्घायु एवं परिवार में खुशहाली की कामना के लिए व्रत रखेंगी। वट वृक्ष के नीचे एकत्र होकर पूजा-अर्चना कर रक्षासूत्र बांधेंगी।

ज्येष्ठ माह को अन्य माह की अपेक्षा अधिक कठिन माना गया है। इस माह भीषण गर्मी का वातावरण रहता है। वहीं इसी माह वट सावित्री व्रत सौभाग्यवती महिलाएं रखती है एवं वट वृक्ष के नीचे एकत्रित होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर पूजा सामग्री अर्पित करती हैं।

पूजा सामग्रियों की सजी दुकानें

इधर इस पर्व को लेकर बाजार में पूजा सामग्रियों की दुकानें सजनी लगी है। व्रत की तैयारियां कर रही महिलाओं के बीच पूजा सामग्रियों की मांग बनी हुई है। वहीं मौसमी फलों की मांग भी लोगों के बीच बनी हुई है। ज्ञात हो कि वट सावित्री पर्व के दौरान शहर के मां शीतला मंदिर प्रांगण सहित अन्य स्थानों पर वट वृक्ष के नीचे बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्र होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करती है।

कथा का होगा श्रवण

पंचाग के अनुसार ज्येष्ठ माह के 26 मई को वट सावित्री व्रत पर्व मनाया जाएगा। इस दिन सोमवती अमावस्या का शुभ संयोग बन रहा है। इस दिन सौभाग्यवती महिलाएं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए पति के दीर्घायु एवं परिवार में खुशहाली की कामना लिए कठिन व्रत रखेंगी। ऐसी मान्यताएं है कि इस दिन सावित्री यमराज से अपने पति के प्राण वापस लाई थी। ऐसी मान्यता है कि वट वृक्ष की इस दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर रक्षा सूत्र बांधा जाता है। वट वृक्ष की उम्र लंबी मानी जाती है, इसलिए पूजा-अर्चना कर प्रति के दीर्घायु की कामना की जाती है। वट वृक्ष के नीचे व्रत संबंधी कथा का वाचन एवं श्रवण किया जाता है।

हरिभूमि

संस्कारधानी भूमि

रायपुर, रविवार 25 मई 2025

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

नौतपा से पहले प्री-मानसून एक्टिव, जिले में दो इंच बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश के दक्षिणी इलाके केरल में मानसून ने अपनी दस्तक दे दी है। इस बार करीब आठ दिन पहले ही मानसून पहुंच गया है। ऐसे में यह संभावना जताई जा रही है कि अंचल में भी 15 से 17 जून की जगह 6 से 8 जून के मध्य मानसून दस्तक दे सकता है। इस बार मानसून के सामान्य रहने के आसार जताए गए हैं। जिसके चलते अंचल में एक हजार मिमी से अधिक बारिश पूरे मानसून सीजन में देखने को मिल सकती है।

इधर मानसून आने से पहले प्री-मानसून की बारिश ने जिले में मौसम का हाल ठंडक भरा कर दिया है। आज से नौतपा शुरू होने जा रहा है। नौतपा के दौरान तापमान अपने चरम पर रहता है, लेकिन इस बार प्री-मानसून के चलते तापमान के 40 से नीचे ही बने रहने की आशंका जताई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि आमतौर पर मौसम विभाग एक जून से 30 सितंबर के मध्य होने वाली बारिश को ही मानसून की बारिश मानता है। इस बार भी मानसून का सीजन एक जून से ही शुरू होगा, लेकिन इससे पहले ही अंचल में जमकर बारिश देखने को मिल रही है। पिछले एक सप्ताह के दौरान ही जिले में चार इंच से अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है। लगातार हो रही बारिश के बाद तापमान भी 42 डिग्री से लुढ़ककर 35 के करीब आ गया है। दिनभर चलने वाली गर्म हवाओं की जगह ठंडी हवाएं चल रही है। हालांकि बारिश रूकने पर थोड़ी उमस जरूर महसूस हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ में प्री-मानसून की एंट्री हो गई है। प्रदेश के अलग-अलग इलाकों के लिए अगले 7 दिनों तक बारिश का येलो अलर्ट है।

दो जून तक नौतपा

ज्ञात हो कि हर साल 25 मई से दो जून के मध्य नौतपा का समय होता है। इस दरमियान सर्वाधिक तापमान देखने को मिलता है। अंचल ही नहीं, बल्कि देश में 25 मई से 2 जून के दौरान भयंकर गर्मी पड़ती है। कई राज्यों में तापमान 48C तक जाने की संभावना भी है, लेकिन अंचल में इस बार नौतपा के दौरान अधिक गर्मी रहने की संभावनाएं कम है। प्री-मानसून बारिश के चलते नौतपा का अधिकांश समय ठंडा ही गुजरने वाला है।

ऐसी स्थिति

दक्षिण पश्चिम मानसून 1 जून सामान्य तिथि के बजाय 24 मई को स्थापित हो गया। दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियों बनी हुई है। अगले दो से तीन दिनों में कुछ और भागों में पहुंचने की संभावना है।

आज भी बारिश के आसार :एक द्रोणिका पश्चिमी राजस्थान में स्थित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से विदर्भ तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर तटीय उड़ीसा और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 25 मई को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थान पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने और अंधड़ चलने की संभावना है। उत्तर छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर जबकि दक्षिण छत्तीसगढ़ में अनेक स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है।

बेमौसम बारिश से मंडी में भीगा किसान का धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शनिवार सुबह से हुई बारिश में कृषि उपज मंडी मे खुले आसमान के नीचे रखा किसानों और व्यापारियों का सैकड़ों क्विंटल धान भीग गया। अपने धान की उपज लेकर मंडी पहुंचे किसानों को पहली ही बारिश में काफी नुकसान हुआ है। वहीं कुछ व्यापारियों द्वारा खरीदा गया धान भी भीग गया है।शहर के बसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी में इन दिनों धान की बंपर आवक हो रही है। राजनांदगांव जिले के अलावा आसपास जिलों से भी किसान यहां धान बेचने पहुंचते हैं। जिसके चलते मंडी में टीन शैड के नीचे धान रखने जगह नहीं होने के चलते बड़े पैमाने पर शैड से बाहर सैकड़ों क्विंटल धान रखा हुआ है। आज सुबह हुई बारिश में खुले में रखा सभी धान भीग गया।

नहीं बिका भीगा धान

कृषि उपज मंडी में किसानों द्वारा बेचने लाए गए धान के अलावा व्यापारियों द्वारा खरीदा गया धान भी भीग गया। मंडी में कई जगह पानी भरने से धान की बोरियां आधे हिस्से तक डूब गई। सुबह मंडी खुली तो किसानों के भीगे हुए धान की नीलामी नहीं हो पाई।

सुरक्षा व्यवस्था नहीं

जिलेभर में राजनांदगांव मंडी में ही धान खरीदी होती है। वहीं दुर्ग और बालोद जिले के आसपास से भी किसान यहां धान बेचने आते हैं। किसानों से यहां मंडी शुल्क लिया जाता है, लेकिन उनकी धान की उपज को सुरक्षित रखने के लिए मंडी प्रशासन द्वारा व्यवस्था नहीं की जाती है। जिसकी वजह से आज सुबह बारिश होने पर बड़े पैमाने पर धान भी गया।

आईटीबीपी जवान पर हमला करने वाला आरोपी महाराष्ट्र में पकड़ाया

राजनांदगांव। पुलिस लाइन स्थित आइटीबीपी कैंप में आईटीबीपी के जवान पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने के मामले में जांच पड़ताल करते बसंतपुर एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम ने आरोपी को महाराष्ट्र में पकड़ा। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 मई के पौने 3 बजे के लगभग पुलिस लाइन स्थित आईटीबीपी कैंप में बचाओ-बचाओ की आवाज सुनकर गया तो देखा कि प्रधान आरक्षक किशन कुमार साहू खून से लथपथ जीडी रूम के बाहर खड़ा था, जिसे पूछताछ करने पर बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से इसके गर्दन, हाथ व सिर पर वार कर भाग गया। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 109, 331 बीएनएस का अपराध अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया।

सौ से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच

इस मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू एवं सायबर प्रभारी विनय परमार के नेतृत्व में अज्ञात आरोपी के जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग टीम तैयार किया गया। गठित टीम द्वारा अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु घटनास्थल एवं आसपास तथा शहर के अलग-अलग चौक-चौराहे में लगे 100 से भी अधिक सीसीटीवी फुटेज को खंगाले जाने पर जानकारी प्राप्त हुआ कि आहत किशन कुमार साहू का साथी ही उसे जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर फरार हो गया है।

रंजिश पर किया हमला

आरोपी की पतासाजी हेतु थाना बसंतपुर पुलिस एवं साइबर टीम को आरोपी प्रतीक जगदल्ले के ग्राम मामुर जिला सतारा (महाराष्ट्र) रवाना किया गया। उपरोक्त गठित टीम द्वारा आरोपी प्रतीक जगदल्ले को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो बताया कि किशन कुमार साहू, जो खाना खाने व मेस कटिंग का पैसा देने के नाम पर हमेशा किसी भी जगह टोका-टोकी करते रहता था। इसी बात को लेकर रंजिशवंश शराब पीने के बाद मारने की नियत से नारियल काटने के धारदार हथियार से आहत किशन साहू पर वारकर घटना कारित करना व उसके बाद मां गंभीर रूप से बीमार है, बोलकर छुट्टी लेकर अपने घर सातारा महाराष्ट्र चले जाना बताया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त नारियल काटने का धारदार हथियार, खून से सने कपड़े जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसे अभिरक्षा में न्यायालय पेश किया गया, जहां आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

लोकार्पण आज

राजनांदगांव। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव की छुईखदान में बैंक शाखा जो गर्ल्स स्कूल के सामने संचालित हो रही थी, वह जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल के अथक प्रयास से जिला प्रशासन द्वारा प्रदत्त पुराने न्यायालय भवन छुईखदान में शहीद पार्क के सामने स्टेट बैंक के बाजू में संचालित किया जाएगा। नवीन शाखा परिसर में बैंक भवन का लोकार्पण सांसद संतोष पांडे के कर कमलों से कल 25 मई को दोपहर 2 बजे किया जाएगा।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार एवं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह व सभी जिला पंचायत सदस्य तथा जनपद पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष व सभी जनपद पंचायत सदस्य एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष व सदस्यगण उपस्थित रहेंगे।

राजनांदगांव-हरिद्वार के लिए सीधे ट्रेन, मिली स्वीकृति

राजनांदगांव। सांसद संतोष पांडे के प्रयास से राजनांदगांव जिले के रेल यात्रियों के लिए एक और खुशखबरी है। सांसद संतोष पांडे के अथक प्रयास से यात्रियों की सुविधा के लिए अब सीधे हरिद्वार यात्रा के लिए राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से अब ट्रेन की सुविधा उपलब्ध होगी।

श्री पांडे ने कहा कि सभी की सुविधा के मद्देनजर वह केंद्रीय रेल मंत्री एवं रेल मंत्रालय से आग्रह किया था। जिसके फलस्वरूप ट्रेन क्रमांक 12807/ 12808 समता एक्सप्रेस और 12409/ 12410 गोंडवाना एक्सप्रेस अब राजनांदगांव से सीधे हरिद्वार यात्रा के लिए स्वीकृति मिली है। अब हरिद्वार के लिए डायरेक्ट ट्रेन सुविधा उपलब्ध होने से अब चार धाम की यात्रा हेतु आवागमन सुलभ व सुगम होगा। सांसद पांडे ने कहा कि यात्रियों की सुविधा हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए वह निरंतर प्रयासरत है। सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री व रेल मंत्रालय का आभार व्यक्त किया।

मानदेय बढ़ने से बुजुर्ग लोक कलाकारों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में छत्तीसगढ़ी लोकरंग शैली नाचा व अन्य लोक रंग कर्म सहित कला संस्कृति से संबंधित बुजुर्ग लोक कलाकारों का शासन द्वारा मानदेय बढ़ाए जाने पर खुशी जाहिर करते कलाकारों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया है।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ साहित्य समिति जिला ईकाई के अध्यक्ष आत्माराम कोशा द्वारा इस संबंध में शासन का ध्यान आकर्षित किया जाता रहा है। कांग्रेस शासनकाल में संस्कृति मंत्री व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के समक्ष भी कलाकारों के साथ बात उठाई गई थी, किन्तु बुजुर्ग कलाकारों के मानदेय में वृद्धि नहीं किया गया। इस दौरान विधायक व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को उनके राजनांदगांव आगमन पर तत्संबंधित ज्ञापन सौंपा गया और बुजुर्ग लोक कलाकारों के मानदेय वृद्धि की मांग की गई थी। साथ ही श्री कोशा द्वारा बुजुर्ग लोक कलाकारों के निधन पर उनकी धर्मपत्नी को पात्र मानते उन्हें उक्त मानदेय दिए जाने की भी मांग की गई थी।

प्रदेश में भाजपा सरकार के काबिज होने के पश्चात विधानसभा अध्यक्ष बने डॉ. रमन सिंह को पुनः स्मरण पत्र देकर उनसे बुजुर्ग लोक कलाकारों के मानदेय में वृद्धि की मांग की गई। डॉ. सिंह द्वारा उक्त मांग की अनुशंसा किए जाने और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संज्ञान में आने पश्चात आखिरकार बुजुर्ग एवं वयोवृद्ध लोक कलाकारों की सुन ली गई और प्रदेश के 162 बुजुर्ग लोक कलाकारों के मानदेय में वृद्धि कर उन्हें राहत पहुंचाने का काम किया गया। इससे लोक कलाकारों में हर्ष का माहौल है।



सेवा, सुशासन व विकास, छत्तीसगढ़ की डबल इंजन भाजपा सरकार का उद्देश्य और लक्ष्य

विधायक ने कुम्ही, बोड़तरा खुर्द व छीतापार कला में विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा/कवर्धा

पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण अंचलों में जनता की सुविधाओं और विकास हेतु विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा निरंतर अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने ग्राम कुम्ही, बोड़तरा खुर्द व छीतापार कला में 70 लाख रुपए से अधिक की लागत से होने वाले चेक डेम, सीसी रोड, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केंद्र और शौचालय निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया और ग्रामवासियों को बधाई दी।

इस दौरान ग्राम कुम्ही में 15 लाख 72 हजार रुपए की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र व शौचालय, ग्राम बोड़तरा खुर्द में 20 लाख की लागत से चेक डेम और ग्राम छीतापार कला में 20 लाख की लागत से चेकडेम, 10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन, 2 लाख 60 हजार की लागत से सीसी रोड एवं 2 लाख रुपए की लागत से मंच निर्माण कार्य इस प्रकार कुल 70 लाख 32 हजार रुपए के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया।

इसके साथ ही क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग कुम्ही से बोड़तरा मार्ग का 3 करोड़ 32 लाख 45 हजार रुपए की लागत से होने वाला नवीनीकरण कार्य भी प्रगति पर है। विधायक ने कहा कि किसी भी प्रदेश की उन्नति तभी हो सकती है जब वहां के गांव में सुविधाओं और साधनों का निरंतर विकास होता है। समय के साथ कदम से कदम मिलाकर जनता की सुविधाओं का विस्तार करना और अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यो को गति देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ जनता को मिले, सुगम आवागमन, मूलभूत सुविधाएं, सामाजिक व सांस्कृतिक योजनाओं के लिए भवन व मंच, पक्के आवास, स्वच्छ पेयजल एवं बिजली जैसे आवश्यक सुविधाओं का निरंतर विस्तार हो यही हमारा लक्ष्य है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है तब से छत्तीसगढ़ में अधोसंरचना विकास से लेकर कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जन-जन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। पंडरिया विधानसभा में विकास कार्य प्रगति पर हैं, जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है

योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन और प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिल रहा

विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जिस प्रकार हमारी सरकार निरन्तर प्रयास कर रही है उसके सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिख रहा है। आज गांव-गांव में पक्की सड़कों का निर्माण हो रहा है, जल जीवन मिशन से शुद्ध पानी पहुंच रहा है, पर्याप्त बिजली की आपूर्ति से हर गांव रोशन हो रहा है, महतारी वंदन योजना से महिलाएं सशक्त हो रही हैं, पक्के आवास, भूमिहीन किसानों को आर्थिक सहायता मिल रही है, योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन और प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिल रहा है, ये सभी विष्णु के सुशासन एवं डबल इंजन सरकार में ही सार्थक हो रहें हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित सुशासन तिहार से सरकार सीधे जनता के घर व गांव पहुंचकर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कर रहें हैं। सेवा और सुशासन यही छत्तीसगढ़ की डबल इंजन भाजपा सरकार का उद्देश्य और लक्ष्य है। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थें।

पीएम श्री सेजेस पंडरिया में समर कैंप सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार पीएम श्री सेजेस पंडरिया में 15 से 24 मई तक समर कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस समर कैंप का उद्देश्य ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान स्कूली छात्र छात्राओं की रचनात्मक क्षमताओं का विकास करना था। कैंप में प्रतिदिन प्रातः 7.30 से 9.30 बजे तक विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया गया। जिस पर प्राचार्य जीआर साहू ने जानकारी दी कि समर कैंप के दौरान कला, संगीत, योग, खेलकूद, स्पोकन इंग्लिश, कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), करियर गाइडेंस एवं लाइफ स्किल्स जैसी विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया। इन गतिविधियों के संचालन हेतु विद्यालय के शिक्षकों के साथ-साथ विषय विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया गया था। साथ ही बच्चों को प्रतिदिन पौष्टिक स्वल्पाहार भी प्रदान किया गया। कैंप के समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार समर कैंप का द्वितीय चरण 26 मई से 01 जून तक आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप इस चरण में भारत की बहुभाषी संस्कृति की समझ विकसित करने हेतु विद्यार्थियों को कम से कम एक नवीन भारतीय भाषा सीखने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती राज्यों की भाषाओं की प्रारंभिक जानकारी दी जाएगी। इस कार्य हेतु संबंधित भाषा के जानकार शिक्षक अथवा विशेषज्ञ व्यक्तियों की सहायता ली जाएगी एवं इंटरनेट पर उपलब्ध ऑडियो-विजुअल सामग्री का भी उपयोग किया जाएगा, ताकि भाषा शिक्षण को रोचक एवं सहज बनाया जा सके। यह समर कैंप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हो रही है।

खबर संक्षेप

महिला से झपटमारी के आरोपी तरेगांव जंगल पुलिस के हिरासत में

कवर्धा। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती जा रही अपराध व अपराधिक मामलों में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा अपराधिक मामलों में अंकुश लगाने लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में थाना तरेगांव जंगल प्रभारी निरीक्षक संग्राम सिंह व उनकी टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला से झपटमारी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल को जप्त किया गया। साथ ही साथ प्रकरण के दो अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी हैं। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ग्राम दुल्लापुर थाना तरेगांव जंगल निवासी द्वारा थाना आकर जुर्म दर्ज कराया कि घरेलू कार्य के साथ दुकानदारी का काम करती है। वहीं 22 मई को दोपहर लगभग 01:30 बजे जब वह अपनी दुकान में थी, उसी समय एक लाल रंग की मोटर सायकल में सवार तीन अज्ञात युवक उसकी दुकान में आए, कुछ सामान खरीदने के बाद तीनों जाने लगे तभी उनमें से एक युवक वापस दुकान में आकर महिला के गले में पहने सोने के लॉकेट की पांच नग पत्तियों को पकड़कर झटका दिया जिसमें से तीन पत्तिया गिर गई एवं दो नग सोने की पत्ती (कीमत लगभग 6000) झपटकर मोटर सायकल में सवार होकर फरार हो गए। जिस पर थाना तरेगांव जंगल पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 23 (2) भासअ के तहत अपराध क्रमांक 52/2025 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वहीं संदेही संदीप डाहिरे पिता मोतीलाल डाहिरे आयु 21 वर्ष निवासी नवागांव हटहा थाना पंडरिया से कड़ाई पूछताछ की गई, जिसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। वहीं आरोपी के विरूद्ध धारा 179 बीएनएसएस के तहत आरोपी संदीप डाहिरे को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

श्रीराम-सीता विवाह धूमधाम से रचाया, उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

ग्राम कोलेगांव में पांच दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कथा वाचक पूज्या आर्या त्रिपाठी बटुराकछार द्वारा श्रीराम कथा में बड़ी सुंदर स्वभाव से श्रीराम कथा का वर्णन किया जा रहा है, जिसमें श्री राम-सीता स्वयंवर के बारे में भक्तजनों को कथा रसपान कराया गया। उन्होने कथा में बताया कि राजा जनक भगवान शिव के वंशज थे और भोलेनाथ का धनुष उनके राज महल में रखा था। एक बार महाराज जनक ने अपनी पुत्री सीता के स्वयंवर की घोषणा। साथ ये भी ऐलान कर दिया कि जो धनुष की प्रत्यंचा को चढ़ा देगा, उसी से मेरी पुत्री सीता का विवाह होगा। शिव धनुष कोई साधारण धनुष नहीं था बल्कि उस काल का ब्रह्मास्त्र था। उस चमत्कारिक धनुष के संचालन की विधि राजा जनक, माता सीता, आचार्य परशुराम और आचार्य विश्वामित्र को ही ज्ञात थी। जनक राज को इस बात का डर सताने लगा था कि अगर धनुष रावण के हाथ लग गया तो इस सृष्टि का विनाश हो जाएगा। इसलिए विश्वामित्र ने पहले ही भगवान राम को उसके संचालन की विधि बता दी थी। जब श्रीराम द्वारा वह धनुष टुट गया तभी परशुराम को बहुत क्रोध आया लेकिन आचार्य विश्वामित्र एवं लक्ष्मण के समझाने के बाद कि वह एक पुरातन यन्त्र था, इसलिए संचालित करते ही टूट गया तब जाकर परशुराम का क्रोध शांत हुआ। राम ने जब प्रत्यंचा चढ़ा कर धनुष को तोड़ा और माता सीता से उसका विवाह सम्पन्न हो गया। वहीं इस पांच दिवसीय श्रीराम कथा में आसपास क्षेत्र के भक्तजन श्रीराम कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे है।

आबकारी विभाग की अवैध शराब के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही

हरिभूमि कवर्धा। आबकारी वृत्त कवर्धा में ग्राम भीमपुरी में अवैध शराब विक्रय की शिकायत टोल फ्री नंबर 14405 में प्राप्त हुई थी। जिस पर शुक्रवार को अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत श्याम लाल धावड़े एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा अवैध शराब के विक्रय-धारण के विरूद्ध कार्यवाही की गई। ग्राम भीमपुरी में गश्त के दौरान अवैध शराब विक्रय एवं धारण की सूचना मिली वहीं आरोपी साहेबदास बंजारे पिता ललसरिया बंजारे को सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में देखकर विधिवत तलाशी ली गई। आरोपी के पास से कुल सफेद रंग के प्लास्टिक थैले में कुल 34 नग देशी मदिरा शराब जब्त कर आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की यथा संशोधित धारा 34 (1) क, 34 (2), 59 (क) के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

कोलेगांव के सुशासन तिहार में शामिल हुईः विधायक भावना बोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार का समाधान शिविर विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव में शनिवार को समाधान शिविर कैंप का लगाया गया। वही इस समाधान शिविर में आसपास क्षेत्र के 14 ग्राम पंचायतों के जिसमें कोलेगांव, प्रतापपुर, मोहगांव, जंगलपुर, रूसे, कारीमाटी, सोढ़ा, कंझेटा, मोहतरा कला, सेमरकोना, भगतपुर, अमली-मालगी, कुआंमालगी, सैहामालगी के ग्रामीण व क्षेत्रवासी इस समाधान शिविर में शामिल हुए।

वहीं इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष नंदनी साहू, जनपद उपाध्यक्ष छत्र किशोर सानू तिवारी, जिला मंत्री ओमप्रकाश यदु, जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी, महेंद्र, सुखचैन भास्कर, सभापति अश्वनी यदु, बालमुकुंद चंद्रवंशी, मनहरण साहू, कृष्ण चंद्राकर, सुधा साहू, दिनेश चंद्रवंशी, पवन शर्मा, माखन चंद्रवंशी, जनपद प्रतिनिधि रामाधार शर्मा, समिति अध्यक्ष डॉ संतोष साहू, परमेश्वर साहू, अमन खनूजा, मोहन चंद्रवंशी, भोला चंद्रवंशी, श्रीमती भानुमति साहू द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र में विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए सुशासन तिहार समाधान शिविर का शुभारंभ किया। समाधान शिविर में विधायक द्वारा सुशासन तिहार के समय जो आवेदन दिया गया था उसका निराकरण करते हुए समाधान शिविर में सुना और एक विभाग के कर्मचारियों से बात करते हुए समस्या का समाधान करने के लिए कहा गया। वहीं समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों को बारीकी से जांच कर विभागों द्वारा निपटारा किए जाने कहा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास के आए हुए ग्रामीण व क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

पोंड़ी-सिल्हाटी मार्ग में मुरूम डालकर गड्ढों को पाटा

हरिभूमि कवर्धा। जन सहयोग और जन समर्पण के लिए हमेशा ही तत्पर रहने वाले युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी ने एक बार फिर लोगों की पीड़ा को महसूस करते हुए तत्परता दिखाई है और उनकी इस पहल से अब ग्राम पोंड़ी से सिल्हाटी मार्ग में आवागमन करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जगी है। बताया जाता है कि ग्राम पोंड़ी से सिल्हाटी मार्ग में बेहद जर्जर और खस्ताहाल हो चुका है। जिसमें जगह-जगह गड्ढे निर्मित हो चुके हैं। जिससे इस मार्ग से आवागमन करने वाले कई गांवों के ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं हमेशा सड़क दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों के मुताबिक इस स्थिति में आने वाले वर्षाकाल में उनकी यह समस्या के और भी विकराल रूप लेने की पूरी संभावना थी। ग्रामीणों ने बताया कि वे इस संबंध में कई बार शासन-प्रशासन तथा संबंधित विभाग से सड़क मरम्मत कराए जाने की मांग कर चुके हैं। लेकिन शासन-प्रशासन व संबंधित विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। जिसे लेकर हाल ही में क्षेत्र के ग्रामीणों ने युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी से चर्चा की। जिस पर ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या के साथ आने वाले नए शिक्षा सत्र में मार्ग से होकर आने जाने वाले क्षेत्र के स्कूली बच्चों की पीड़ा तथा वर्षाकाल की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए उन्होने तत्काल संबंधित विभाग के अधिकारियों से मोबाईल पर चर्चा की और तत्काल मार्ग में मौजूद गड्ढों को पटाने की मांग की ताकि क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन सुलभ हो सके। साथ श्री चन्द्रवंशी ने चेतावनी दी की अगर जल्द ही गड्ढों को नहीं पाटा गया तो उनके द्वारा ग्रामीणों के साथ मिलकर मार्ग में बैठकर चक्का जाम किया जाएगा। जिस पर हरकत में आया विभाग द्वारा फौरी कार्यवाही करते हुए विभाग द्वारा मौका मुआयना कर मुरूम से गड्ढो को पाटा गया। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी के इस सार्थक प्रयास से क्षेत्रवासियों में खुशी व्याप्त है और उन्होने श्री चन्द्रवंशी के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री चन्द्रवंशी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि वे आने वाले समय में इस मार्ग के नवीनीकरण के लिए भी प्रयास करेंगे।

राहगीरों को अपनी ओर आकर्षित कर रही गुलमोहर के फूल

हरिभूमि न्यूज बरबसपुर। क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर, सिंघनपुरी, बीजाझोरी, दौजरी, जेवडन खुर्द व सारंगपुर के सड़क किनारे स्थित गुलमोहर के फूल आने-जाने वाले राहगीरो को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। मई माह में गुलमोहर के लाल फूल लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है वहीं तपती व भीषण गर्मी में भी गुलमोहर की लालिमा गुलाबी रंग आंखों को सुकून पहुंच रही है। गुलमोहर की लाल रंग की गुच्छेदार फूल प्राकृतिक सुंदरता जैसे दिखाई दे रहे हैं, गुलमोहर के फूल व फल मधुर पोषक तत्वों से भरा होता है, पक्षी भंवरे तथा कीट पतंग गुलमोहर के फलों का रसपान कर रहे हैं। वहीं गुलमोहर का फल व फूल आयुर्वेदिक है ये सामान्यतः कमजोरी, प्यास, अति, सार, दस्त व खून की कमी, नाक से खून बहना, सफेद पानी, पीलिया, अरुचि, मधुमेह में लाभदायक होता है, पीला गुलमोहर ठंडा और कप वात व पित तथा तीनों दोषों को कम करने वाला होता है।

एग्रीवाइब ने किया नवीन भू-अमृत जैविक खाद का औपचारिक शुभारंभ

कवर्धा में उन्नतशील कृषकों के लिए सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जैविक कृषि के क्षेत्र में एक नई दिशा की ओर कदम बढ़ाते हुए, कवर्धा के एक हाल में शनिवार को उन्नतशील कृषकों के लिए एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एग्रीवाइब ने अपने नवीन जैविक उत्पाद भू अमृत का औपचारिक शुभारंभ किया। स्थानीय किसानों की उपस्थिति में संपन्न इस सेमिनार में वैज्ञानिकों, कृषि विशेषज्ञों और संस्था के प्रतिनिधियों ने इस जैविक खाद की वैज्ञानिक विशेषताओं और व्यावहारिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। भू अमृत कोई सामान्य खाद नहीं, बल्कि यह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर में विकसित लिग्नोसेलुलोसिक बायोमास (एलसीबी) नामक उन्नत तकनीक पर आधारित एक अत्याधुनिक जैविक समाधान है। इसे विशेष रूप से छत्तीसगढ़ की मिट्टी और कृषि आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है और इसका निर्माण भी स्थानीय स्तर पर कवर्धा में ही किया जा रहा है।

यह पहला अवसर है जब राज्य में किसी आधुनिक जैविक उत्पाद का निर्माण और वितरण स्थानीय किसानों के लिए उपलब्ध हुआ है। इस जैविक खाद की सबसे बड़ी विशेषता इसका बहुपरतीय वैज्ञानिक आधार है। भू अमृत में लाभकारी सूक्ष्मजीवों का ऐसा प्राकृतिक मिश्रण होता है, जो न केवल मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाता है, बल्कि रासायनिक खादों पर निर्भरता को भी घटाता है। इसके साथ ही इसमें प्रयुक्त सूक्ष्म पोषक तत्व तकनीक (नैनो तकनीक) और अत्यधिक जल-शोषक यौगिक (सुपर एब्जॉर्बेंट पॉलिमर) जैसी नवीन विधियाँ इसे पारंपरिक खादों की तुलना में अधिक प्रभावशाली बनाती हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित कृषि विकास विशेषज्ञ आनंद कुमार ताम्रकार, भू वैज्ञानिक डॉ विश्राम पाल, भू वैज्ञानिक डॉ धर्मेन्द्र पाण्डेय और श्रीधर कोटरा ने किसानों से सीधे संवाद के माध्यम से भू अमृत के सकारात्मक परिणाम साझा किए। उन्होंने बताया कि इसके नियमित उपयोग से न केवल फसल की गुणवत्ता और उपज में वृद्धि होती है, बल्कि मिट्टी की दीर्घकालिक सेहत भी बनी रहती है।

उन्होंने इसे छत्तीसगढ़ में जैविक खेती की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। स्थानीय निर्माण, वैज्ञानिक तकनीक और व्यावहारिक उपयोगिता को देखते हुए, भू अमृत आने वाले समय में राज्य की खेती को एक नई पहचान दे सकता है। इस अवसर पर एग्रीवाइब के संचालक संदीप चंद्रवंशी ने कहा कि भू अमृत केवल एक उत्पाद नहीं, बल्कि यह हमारी धरती से जुड़ी एक सोच है। हम चाहते हैं कि किसान भाई-बहन सतत खेती को अपनाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए मिट्टी को जीवित रखें। यही कारण है कि हमने इसका निर्माण कवर्धा में ही शुरू किया।

शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कवर्धा पुलिस की सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य के निर्देशन में, जिले में गुरूवार को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने स्वयं किया। अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, पंकज पटेल, एसडीओपी कवर्धा कृष्ण चंद्राकर, कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक लालजी सिन्हा, यातायात प्रभारी, डीआरजी एवं कोतवाली की टीम उपस्थित थें। एसपी धर्मेंद्र सिंह द्वारा महिंद्रा शोरूम के पास चेकिंग पॉइंट पर स्वयं उपस्थित होकर वाहन चालकों की जांच की गई। प्रत्येक वाहन चालक का ब्रेथ एनालाइजर से परीक्षण किया गया। जिन चालकों द्वारा शराब सेवन कर वाहन चलाना पाया गया, उनके विरुद्ध मौके पर चालानी कार्यवाही की गई, साथ ही कुछ मामलों में वाहन जब्त भी किए गए। श्री सिंह ने मौके पर वाहन चालकों को समझाइश दी कि शराब पीकर वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह जानलेवा भी हो सकता है। उन्होंने सभी से अपील की कि यातायात नियमों का पालन करें और जिम्मेदारी से वाहन चलाएं। उक्त अभियान के तहत जिले के अन्य थाना क्षेत्रों जिसमें सहसपुर लोहारा, चिल्फी, पोंड़ी, पाण्डातराई, पंडरिया एवं कुकदूर में भी थाना प्रभारियों के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। सभी जगहों पर वाहनों की जांच कर आमजन को नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

146 करोड़ की लागत से स्वदेश दर्शन योजना से मिलेगा धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन विकास को नया आयाम

भोरमदेव कॉरिडोर की रूपरेखा तैयार करने डिप्टी सीएम शर्मा पहुंचे मंदिर परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश योजना के तहत छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरात्तव,पर्यटन एवं जन आस्था के केन्द्र बाबा भोरमदेव मंदिर, कॉरिडोर निर्माण, एतिहासिक मंदिरों के संरक्षण एवं संवर्धन और पर्यटन विकास के लिए 146 करोड़ रूपए की मंजूरी दी है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देश पर छत्तीसगढ़ पर्यटन, पुरात्तव विभाग एवं कबीरधाम जिला प्रशासन के साझा प्रयासों से पर्यटन विकास की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना भी तैयार कर ली गई है। उपमुख्यमंत्रीं विजय शर्मा ने शनिवार को दिल्ली जाने से पहले सुबह छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष नीलू शर्मा एवं पर्यटन विभाग के अधिकारियों कलेक्टर एवं जनप्रतिनधियों के साथ छत्तीसगढ़ के एतिहासिक भोरमदेव मंदिर में जमीन में बैठक लेकर स्वदेश योजना के तहत विकसित होने वाले भोरमेदव कॉरिडोर विकास कार्यों के संबंध में गहन समीक्षा की एवं ग्रामीण और जनप्रतिनधियों के साथ बैठक लेकर विचार-विमर्श भी किया। बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल एवं पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग के संचालक एवं प्रबंध संचालक विवेक आचार्य, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ मंदिर परिसर सहित महोत्सव स्थल, प्राचीन सरोवर एवं अन्य स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण एवं बैठक में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक श्री आचार्य ने स्वदेश योजना के तहत पर्यटन विकास के लिए विकसित होने वाले कार्यां को विस्तार ने जानकारी भी दी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अधिकारियों एंव जनप्रतिनधियों के साथ भोरमदेव मंदिर परिसर में जमीन पर बैठक में स्वदेश योजना के तहत कबीरधाम जिले में पर्यटन विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होने कहा कि स्वदेश योजना के पर्यटन विकास के मानचित्र में छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले को राष्ट्रीय पहचान मिलने वाली है। केन्द्र की नरेन्द्र मोदी की सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत भोरमदेव मंदिर सहित क्षेत्र के अन्य ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण, संवर्धन और समग्र विकास के लिए 146 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी दी है। स्वदेश योजना के तहत भोरमदेव कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। जिससे भोरमदेव मंदिर सहित आसपास के मंदिर और पर्यटन क्षेत्र कनेक्ट होंगे। पर्यटन मंडल के अधिकारियों द्वारा प्रारंभ स्थल से लेकर अंतिम स्थल तक की विस्तृत कार्य योजना की जानकारी प्रस्तुत की गई। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना की व्यापक कार्य योजना को शीघ्र क्रियान्वित करने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि क्षेत्र का पर्यटन विकास तेजी से आगे बढ़ सके। बैठक में बताया गया बाबा भोरमदेव मंदिर के इतिहास में पहली बार एक हजार वर्षों में वाटर ट्रीटमेंट की ऐतिहासिक पहल की गई है। अब इस पुरातात्विक और धार्मिक धरोहर को नया जीवन देने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'भोरमदेव कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत मुख्य मंदिर परिसर समेत क्षेत्र के अनेक ऐतिहासिक स्थलों का समग्र विकास किया जाएगा। भारत दर्शन योजना के तहत मुख्य मंदिर का भव्य रूप से विकास किया जाएगा, जिसमें 6 शानदार प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। इनमें नागद्वार, पार्क, संग्रहालय, और अन्य प्रमुख स्थानों पर विशेष द्वार स्थापित किए जाएंगे। पूरे मंदिर परिसर को एकीकृत स्वरूप देने के लिए परिधि दीवारों का संवर्धन किया जाएगा। भोरमदेव मंदिर, जो एक विशाल प्राकृतिक चट्टान पर स्थित है, उसके समीप एक अत्याधुनिक संग्रहालय का निर्माण प्रस्तावित है, जो वर्तमान संग्रहालय की तुलना में चार से पांच गुना बड़ा होगा। इसके तहत गार्डन तक पहुंचने के लिए नई सीढ़ियों का निर्माण, बैठने के लिए पिलर हॉल, चिल्ड्रन पार्क, प्रसाद मंडप (रसोई सहित), अनुष्ठान भवन, यज्ञ स्थल एवं सार्वजनिक शौचालय, नागद्वार तक रैंप और सीढ़ियों की सुविधा, मुख्य प्रवेश द्वार और मेला ग्राउंड की ओर से पार्किंग सहित प्रवेश द्वार, श्रद्धालुओं के लिए हजारों जोड़ी जूते रखने की व्यवस्था की जाएगी। तालाब क्षेत्र को भी सौंदर्यीकरण कर विकसित किया जाएगा। चारों ओर एकसमान पत्थरों से बैठने की सुविधा, म्यूजिकल फाउंटेन, और कैचमेंट क्षेत्र का पानी संचित करने की व्यवस्था भी की जाएगी। परिसर में भंडारा भवन, कांवड़ियों के लिए डोम, सीढ़ियों पर छायायुक्त डोम, स्टेज और पार्किंग की व्यवस्था, अनेक स्थानों पर सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण किया जाएगा।

मड़वा महल और छेरकी महल का होगा संवर्धन

स्वदेश दर्शन योजना में मड़वा महल और छेरकी महल का भी समग्र विकास किया जाएगा। दोनों स्थलों पर प्रवेश द्वार, बाउंड्री वॉल की साज-सज्जा, बोरवेल से पेयजल व्यवस्था, शेड निर्माण, बिजली एवं ड्रेनेज, और वृक्षारोपण की व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त, भोरमदेव से मड़वा महल और छेरकी महल तक की सड़कों का उन्नयन किया जाएगा। आसपास के तालाबों की सफाई, रामचुआ और सरोदा जलाशयों का विकास, तथा मंदिर परिसर में लाइटिंग और ऑडियो डिस्क्रिप्शन की व्यवस्था भी परियोजना का हिस्सा है। यह भव्य परियोजना न केवल धार्मिक आस्था के केंद्र को आधुनिक स्वरूप देगी, बल्कि क्षेत्रीय पर्यटन, संस्कृति और स्थानीय रोजगार को भी नई ऊंचाईयों तक पहुंचाएगी।

धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक गौरव और पर्यटन का त्रिवेणी संगम बनेगा भोरमदेवः नीलू शर्मा

पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने निरीक्षण करते हुए कहा कि भोरमदेव, रामचुआ, मड़वा महल, छेरकी महल और सरोधा जैसे प्राचीन स्थलों का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व अत्यंत गहरा है। अब इन स्थलों को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होगी। उन्होंने बताया कि भोरमदेव मंदिर परिसर के विस्तार, उन्नयन और सौंदर्यीकरण के साथ-साथ मंदिर की प्राचीन संरचना को सुरक्षित और सशक्त बनाया जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि कबीरधाम जिले के पर्यटन स्थल सरोधादादर जल प्रपात को देखने के बाद उसमे क्या-क्या आवश्यकता है उसे पूरा किया जाएगा ताकी पर्यटकों को बेहतर सुविधा मिल सके।

परंपरा और आधुनिकता का संगम

स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत यह परियोजना छत्तीसगढ़ के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण बनेगी कि कैसे परंपरा और आधुनिकता का संतुलन बनाकर सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए पर्यटन और विकास को बढ़ावा दिया जा सकता है। जल्द ही जब यह परियोजना साकार रूप लेगी, तो भोरमदेव क्षेत्र धार्मिक पर्यटन का एक भव्य केंद्र बनकर उभरेगा, जो देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए आस्था, शांति और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक होगा।जाएगी।

बच्चों को नशीला सोल्यूशन बेचते दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा जिले में नशा के अवैध करोबार के खिलाफ की जा रही कार्यवाही के तहत बच्चों को नशा का सामान बेंचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्त में आए आरोपी के खिलाफ धारा 170/125, 135(3) के अंतर्गत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कबीरधाम पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए नाबालिग बच्चों को नशे की लत में धकेलने वाले दो व्यक्तियों को नशीला सोल्यूशन बेचते समय रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी बच्चों को पंचर बनाने के बहाने जानलेवा सोल्यूशन ट्यूब बेच रहे थे, जिसे सूंघकर बच्चे नशा करते हैं। इस मामले में पाण्डातराई पुलिस ने आरोपी शैलेन्द्र गुप्ता पुत्र स्व. चन्द्रशेखर गुप्ता, आयु 35 वर्ष, निवासी पांडातराई तथा सुनील जायसवाल पिता चन्द्र कुमार जायसवाल आयु 25 वर्ष, निवासी खण्डसरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक टीम ने सिविल ड्रेस में ग्राहक बनकर जाल बिछाया और जैसे ही आरोपियों ने नशीली ट्यूब्स बेचना शुरू किया, तत्काल दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार किया गया। मौके से भारी मात्रा में सोल्यूशन ट्यूब्स बरामद की गईं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे बच्चों को ऊंचे दाम पर सोल्यूशन बेचते थे, जिससे बच्चों की मानसिक, शारीरिक व सामाजिक स्थिति बुरी तरह प्रभावित होती थी। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय बीएनएसएस की धारा 170/125, 135(3) के अंतर्गत कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें है जेल भेजा दिया गया है। इस कार्रवाई में साइबर सेल से एएसआई संजीव तिवारी, एचसी चुम्मन साहू, अभिनव तिवारी, आरक्षक संदीप शुक्ला, आरक्षक लेखा चंद्रवंशी, थाना कोतवाली से प्रधान आरक्षक धन्नू दिवाकर की उल्लेखनीय भूमिका रही।

खबर संक्षेप

बोईर रोटी बेच रही महिला से मिले डिप्टी सीएम

कवर्धा। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का सादगी भरा व्यवहार एक बार फिर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। आज कवर्धा के ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर परिसर में दिल को छू लेने वाला दृश्य देखने को मिला। जब प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज अपने प्रवास के दौरान कबीरधाम जिले के प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर परिसर अवलोकन करने पहुंचे। अवलोकन के दौरान उनकी नजर एक महिला पर पड़ी, जो सादगी से बोईर रोटी बेच रही थी। उपमुख्यमंत्री बिना किसी औपचारिकता के सीधे महिला के पास पहुंचे और आत्मीयता के साथ संवाद किया। बुजुर्ग महिला पहले तो आश्चर्यचकित हुई, लेकिन श्री शर्मा की विनम्रता और अपनापन देख भावविभोर हो गई। उपमुख्यमंत्री ने न केवल उसकी बनाई बोईर रोटी खरीदी, बल्कि स्वाद लेकर खाई भी। यह दृश्य वहां मौजूद लोगों के कैमरे में कैद हो गया।

नशीला पाउडर व जड़ी बूटी सुंघाकर चोरी, तीन गिरफ्तार

पीड़िता की शिकायत पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

स. लोहारा पुलिस ने जड़ी बुटी बिक्री करने के नाम से नशीले पाउडर व जड़ी सुंघाकर चोरी करने वाले के विरूध्द कार्यवाही की गई है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्रांतर्गत लोहारा में उपस्थित होकर प्रार्थीया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत 23 मई को सुबह 10.30 बजे वह अपने पति शिव चेलक के साथ घर पर थी कि उसी समय एक महिला मेरा व मेरे पति का नाम पुकारते हुए घर के अंदर प्रवेश की और बोले कि हम लोग बच्चा पैदा करने की दवाई देते है। मै उसकी बातों पर विश्वास करने लगी उसी समय मेरी सास कमला चेलक व पति भी आ गए अज्ञात महिला द्वारा मुझे शक्कर चावल में मिलाकर सफेद रंग की नशीले पाउडर को पति के साथ खाने बोली मैं व मेरा पति शिव चेलक शक्कर के साथ खाए व सास कमला बाई को अपने पास रखे जड़ी को सुंघने को बोली तो जड़ी को सुघने पर हम तीनों मुर्छित हो गए।

इसी दौरान अज्ञात महिला द्वारा मेरे पास रखे 6000 रूपए लेकर बाहर खड़े अपने अन्य महिला पुरूष साथियों के साथ फरार हो गए। पीड़िता की इस रिर्पोट पर थाना स. लोहारा में अपराध क्रमांक 110/24 धारा 332(ग), 305,112(2), 191(2) बीएनएस का अपराध कायम कर आरोपीयों के मिलने के संभावित स्थानो मे दबिस देकर आरोपी सरगम यादव पिता पप्पू यादव आयु 22 साल, देवन यादव पिता घनश्याम यादव उम्र 24 साल तथा पप्पु यादव पिता धनी लाल उम्र 45 साल सभी निवासी हिरर्री थाना किन्नापुर जिला बालाघाट मध्यप्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के विरूध्द वैधानिक कार्यवाही करते हुए विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिसयल रिमांड तैयार कर भेजा गया ।

भाजपा सरकार में ही सुशासन संभवः डॉ.वीरेन्द्र साहू

- झलमला कलस्टर में आयोजित किया गया समाधान शिविर, लोगों की जुटी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के विधानसभा कवर्धा अंतर्गत ग्राम झलमला कलस्टर में बीते शुक्रवार को छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। अपने जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम झलमला कलस्टर में आयोजित इस समाधान शिविर में उपस्थित जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने बताया कि समाधान शिविर में कलस्टर में शामिल ग्राम झलमला, गोपाल भावना, घिरघोसा, लघान, डेहरी, नवघटा, खपरी, चचेड़ी, गांगपुर के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उन्होने बताया कि शिविर में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ विभागीय अधिकारी उपस्थित थे जिन्होने शिविर में स्टाल लगाकर अपने विभाग को प्राप्त आवेदनों के समाधान की जानकारी आवेदकों को दी। साथ ही शिविर में पहुंचे ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई है। शिविर में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने कहा कि यह महसूस किया गया है कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार सत्ता में होती है तो भूख, भय और भ्रष्टाचार का माहौल बना रहता है लेकिन जब भाजपा की सरकार आती है तो सुशासन आता है। आज पूरे प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय की सरकार और कवर्धा विधायक तथा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कबीरधाम जिले में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। जिसमें लोगों से आवेदनों के माध्यम से मिली मांग और समस्याओं का यथा संभव समाधान करने का प्रयास प्रशासन स्तर से लेकर शासन स्तर पर किया जा रहा है। उन्होने कहा कि इसी कड़ी में आज झलमला कलस्टर में भी समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों की समस्याओं व मांगों का समाधान किया गया है। जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाए जा रहा सुशासन तिहार जनता और प्रशासन के बीच सेतु निर्माण का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। समाधान शिविरों के माध्यम से शासन की योजनाएं सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। उन्होने कहा कि भाजपा की सरकार अपने कार्यकाल के दौरान हमेशा से इस तरह के कार्यक्रम चलाती आ रही है, जिसका उद्देश्य न सिर्फ लोगों की समस्याओं और मांगों को सुनकर उनका समाधान करना है बल्कि लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं और जरूरतों की जानकारी लेकर योजनाएं बनाना है ताकि गांव, गरीब, किसान के सभी सभी वर्गों का समुचित विकास हो सके। श्री साहू ने कहा कि इस दिशा में भाजपा की सरकार लगातार प्रयासरत है। शिविर में बड़ी संख्या में कलस्टर में शामिल ग्रामीण, प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मोटर सायकल चोर गिरफ्तार

पाण्डातराई। पांडातराई बाजार पारा क्षेत्र में खुलेआम एक व्यक्ति की मोटर सायकल चोरी होने की घटना ने सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटर सायकल को बरामद कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गंडई खुर्द निवासी श्रवण चंद्रवंशी की मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जेए 1568 को गत 23 मई को वार्ड क्रमांक 10, पांडातराई निवासी कोमल गंधर्व आयु 29 वर्ष ने चोरी कर ली थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गई मोटर सायकल अनुमानित कीमत 1,05,000 रूपए को जप्त किया गया। इस कार्रवाई में एएसआई पाटिल, एएसआई रूपेन सिंह, प्रधान आरक्षक अश्विनी चक्रवर्ती और आरक्षक दुर्गेश चंद्रवंशी की भूमिका

शैक्षिक, सांस्कृतिक और खेल के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्राचार्य डॉ. रमेश चंद्रवंशी के गतिशील नेतृत्व में शासकीय हाई स्कूल छिरहा ने शिक्षा, संस्कृति और खेल के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल रहा है।

विद्यालय ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करते हुए उल्लेखनीय प्रगति की है। शैक्षणिक मोर्चे पर, छात्रों ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिससे विद्यालय की प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई। विद्यालय ने दसवीं के बोर्ड परीक्षा में होप-85 के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल रहा है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और सीखने के माहौल के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विद्यालय में आयोजित समूह कार्य, शैक्षणिक भ्रमण, प्रयोगशाला कार्य, चित्रकला, मूर्तिकला, काष्ठकला, क्विज प्रतियोगिता, पुस्तकालय गतिविधियाँ, समाचार पत्र, प्रौद्योगिकी का प्रयोग, सामुदायिक सेवा, कैरियर मार्गदर्शन, छात्र परिषद, बागवानी आदि शैक्षिक गतिविधियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में मजबूती प्रदान किया है। सांस्कृतिक क्षेत्र में विद्यालय ने छात्रों को अपनी रचनात्मक और कलात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए जीवंत मंच प्रदान किया है। वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक नृत्य, हस्त व शिल्प कलाएं, कविता पाठ, भाषण प्रतियोगिताएं, कला व शिल्प प्रदर्शनी, निबंध लेखन, पारंपरिक त्यौहार, सांस्कृतिक क्लब, एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत छत्तीसगढ़ के साझा राज्य गुजरात के लोकनृत्य आदि सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। खेल के मैदान में भी विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है।

विभिन्न खेल विधाओं में छात्रों ने ब्लॉक, जिला व संभाग स्तर पर प्रतिनिधित्व किया है, जिससे विद्यालय का नाम रोशन हुआ है। खेलकूद से छात्रों को अपनी शारीरिक क्षमता को निखारने और स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने में मदद मिली है। प्राचार्य डॉ. चंद्रवंशी ने न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित किया है, बल्कि छात्रों के समग्र व्यक्तित्व निर्माण पर भी जोर दिया है, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हो सकें। यह सफलता विद्यालय के समर्पित स्टाफ, छात्रों की कड़ी मेहनत और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है।

सकल जैन समाज कवर्धा ने की स्वागत की भव्य तैयारी, समाज में हर्ष

संत पुण्य वर्धन सागर का नगर आगमन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

धर्म नगरी कवर्धा निवासी नरेश चंद बरडीया (वर्तमान में संत पुण्य वर्धन सागर) का दीक्षा उपरांत आज प्रथम नगर आगमन हो रहा है। जिनके आगमन को लेकर सकल जैन समाज में खुशी व्याप्त है और समाज उनके आगमन की तैयारियों में जुटा हुआ है। समाज से मिली जानकारी के अनुसार संत पुण्य वर्धन सागर को पूज्य विनम्र सागर जी मसा के नेतृत्व में इस वर्ष 2025 का वर्षावास नरसिंहपुर मध्यप्रदेश में करने निर्देश दिया गया है। अपने चातुर्मास स्थल में पहुंचने के पूर्व संयम अंगीकार करने के बाद सांसारिक कर्मभूमि कवर्धा में प्रथम प्रवास आज 25 मई रविवार को होने जा रहा है जिससे समाज के लोगों में हर्ष व्याप्त है और समाज अपने माटी के सपूत के भावभीना अभिनंदन के लिए लालायित है। समाज के अनुसार इस अवसर पर कबीरधाम जिले के अलावा अन्य स्थानो से भी श्रद्धालु संत पुण्य वर्धन सागर के दर्शन को पहुंचेंगे। गौरतलब है कि कवर्धा निवासी नरेश चंद बरडीया (वर्तमान में संत पुण्य वर्धन सागर) की जन्म भूमि ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वरूपानंद महाराज की कर्मभूमि झोतेश्वर (गोटेगांव) है। संत पुण्य वर्धन सागर बाल्यावस्था से ही रामायण की परहित सरस धर्म नहीं उक्ति को चरितार्थ करते देखे गए हैं। दूसरों की पीड़ा, कष्ट, तकलीफ को देखकर उनका हृदय द्रवित हो जाता रहा है और पीड़ित की मदद के लिए तत्काल तत्पर हो जाते देखे गए हैं। पिता सुंदरलाल बरडीया का वात्सल्य एवं ममता मयी मां उमराव देवी सहित सयानो के सुसंस्कार से ही आगे जाकर वे मुनि पद पर आरुढ़ हो सके। नरसिंहपुर जिले के प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र गोटेगांव से वे सन 2006 में कवर्धा आए एवं अपने सुमधुर व्यवहार, अपनापन, मिलनसारिता के गुणों के साथ दवा व्यवसाय प्रारंभ किया। जिसमें उनके दोनों आज्ञाकारी पुत्र अमित अनुराग बरडीया ने कंधे से कंधा मिला कर भरपूर सहयोग किया। व्यापार में कड़ी मेहनत, ईमानदारी, प्रमाणिकता के बलबूते दिन दूनी रात चौगुनी वृद्धि होती गई। उनकी बेटी डॉ. अमिता पारख कुशल चिकित्सक के रूप में रोग मुक्ति के लिए अपना अथक योगदान दे रही है। व्यावसायिक सफलता के साथ ही साथ धीरे-धीरे उनका एवं परिवार का झुकाव सामाजिक, धार्मिक क्षेत्र की ओर विशेष रूप से होने लगा। मुनि भगवंतो के सानिध्य में वे ओली, उपधान, सिद्धि तप जैसे कठोर तपश्चर्या करने लगे। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शोभा बरडीया गंभीर रोगों से ग्रसित होने के बावजूद धार्मिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया करती थी। रुग्णावस्था मे दोनों पुत्र वधु रीतू, सोमा पौत्र भव्य, अर्णव, अर्हम, सक्षम एवं परिजनों ने उल्लेखनीय सेवा का अनुकरणीय परिचय दिया। वर्ष 2021 में धर्म सहायिका श्रीमती शोभा बरडीया के निधन के उपरांत उनके संन्यास (संयम) अंगीकार करने की वर्षों पूर्व की अभिलाषा तेज हो उठी। उपाध्याय प्रवर अध्यात्म योगी पूज्य महेंद्र सागर जी मसा, युवा मनीषी उपाध्याय प्रवर पूज्य मनीष सागर मसा के श्री चरणों में अनेक बार जाकर प्रवज्या के लिए विनती करते रहे। उनके मनोभाव को पूर्ण कराने के लिए जैन समाज कवर्धा के प्रबुद्ध श्रावक श्राविकाओं की भी उल्लेखनीय भूमिका रही। पूज्य गुरु भगवंतो ने कड़े इम्तिहान के बाद अपनी स्वीकृति दी। फल स्वरुप राजस्थान के मालपुरा में उनकी जैन भागवती दीक्षा 15 जनवरी 2022 को संपन्न हुई। दीक्षा उपरांत उनका नवीन नामकरण पू. पुण्यवर्धन सागर जी महाराज साहब के रूप में घोषित किया गया । मुनि धर्म स्वीकार करने के बाद हजारों किलोमीटर की पदयात्रा कर अनेको कठिन तपश्चर्या कर अपने परम लक्ष्य सिद्धालय की ओर आगे बढ़ रहे हैं। उपकारी गुरु भगवंत ने उन्हें पूज्य विनम्र सागर जी मसा के नेतृत्व में इस वर्ष 2025 का वर्षावास नरसिंहपुर मध्यप्रदेश करने हेतु निर्देश दिया गया है। अपने चातुर्मास स्थल में पहुंचने के पूर्व संयम अंगीकार करने के बाद सांसारिक कर्मभूमि कवर्धा में प्रथम प्रवास आज 25 मई रविवार को होने जा रहा है।